अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### बिजली कर्मियो से मारपीट में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**कन्नौज।** बकाया बिल बसूली को गये बिजली कर्मचारियों से मारपीट हुई। कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट। रविवार को मानपुर विद्युत उपकेंद्र के जेई कर्मचारियों के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर कटरा गांव में बिजली बिल राहत योजना के तहत रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बकाया बिल 87210 रुपये न जमा करने पर चेकिंग कर्मचारी जय सिंह के साथ की गई। दोपहर करीव 11:15 बजे मौके पर पहुंच कर बकायेदार कनेक्शन धारक नन्ही देवी पत्नी धीरज अली के पुत्र रियाज व मैराज से कहा गया तो उक्त लोगों ने अपने दो भतीजों के साथ मिल कर कर्मचारी जयसिंह, लाइनमैन मुनीश के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मार देने की धमकी देते हुए बकाया बिल न जमा करने की धमकी दी। उक्त लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली। मारपीट के बाद जेई करन सिंह कर्मचारी को लेकर चले आये। इसके बाद उन्होंने कोतवाली सदर पहुंच कर मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### घर जा रहे युवक के अपहरण का प्रयास

**कन्नौज।** दुकान से घर जा रहे युवक का अपहरण का प्रयास किया गया। मामले में पुलिस ने युवक को बरामद कर तीन युवकों को हिरासत में लिया है। सरायमीरा निवासी कासिम पुत्र वारिस रविवार की शाम करीव 09 बजे मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान बंद कर अपने घर जा रहा था। उसी समय सरायमीरा के ही निवासी तीन युवकों ने उसे रास्ते में घेर लिया। इसके बाद जबरन बाइक पर बैठा कर गंगा रोड की ओर ले गये। जानकारी होने पर परिजनों ने पुत्र के अपहरणका आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने खोज की। इस दौरान मेंहदी घाट गंगा पुलिस ने युवक को बरामद कर लिया। पुलिस ने युवक को लेजाने वाले तीन युवको को पूछताछ के लिये हिराशत में लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उधर लोगों का कहना है कि मामला अपहरण का नहीं अन्य है। युवकों ने कासिम का अपहरण नहीं किया। उसे लेजाकर समझाया और उससे मारपीट की है।



जिला अस्पताल में मरीजों की लगी भीड। अमृत विचार

# जिला अस्पताल में बढ़े जुकाम बुखार के मरीज

## सोमवार को करीव 800 मरीज अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- डॉक्टरों के पास लगी रही मरीजों की भीड
- भर्ती मरीजों का डाक्टरों ने पहुंच जांचा उपचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में सोमवार को करीव 800 मरीज ओपीडी में पहुंचे। इनमें जुकाम व बुखार के रोगी अधिक रहे। बच्चे भी जुकाम बुखार की चपेट में मिले।

सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भारी संख्या देखने को मिली। इसमें खांसी जुकाम व बुखार के मरीज अधिक रहे। मरीज रजिस्ट्रेशन कराने से लेकर डॉक्टर को दिखाने व जांच कराने के कक्षों में कतार में लगे दिखाई दिये। इससे जिला अस्पताल में मरीजों की हर जगह भीड दिखाई दी। वहीं जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भी बुखार के मरीज भर्ती किये गये। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मच्छरों का भी प्रकोप जारी है। लोगों को चाहिये के मौसम के अनुसार मच्छरों से बचाव करें। फुल आस्तीन के कपड़े पहने। हो सके तो मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर व घर के आसपास पानी न रुकने दें। ताजे फलों के अलावा ताजा खाना खायें। लस्सी या शिकंजी का प्रयोग करें। बुखार होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में पहुंच कर डॉक्टर की सलाह ले कर जांच कराते हुए उपचार लें। खुद किसी दवा का प्रयोग बिना डॉक्टर की सलाह से न लें।

# मिला मेहनत का परिणाम, खिले बच्चों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिषदीय स्कूलों में छात्र- छात्राओं को दिए गए अंकपत्र
- फूलमालाएं पहनाकर विद्यार्थियों का बढ़ाया गया उत्साह

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार का दिन उत्साह से भरा रहा। विद्यालयों में बच्चों के हाथों में जब सालभर की मेहनत का रिजल्ट आया तो उनके चेहरे खिल गए। रिपोर्ट कार्ड के साथ ही मोमेंटो व मेडल भी दिए गए। फूलमालाएं पहनाकर मेधावियों का सम्मान किया गया। साथ ही मुंह भी मीठा कराया गया।

विकास खंड सदर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा में कक्षा पांच में प्रथम आने वाले छात्र अंश यादव, कक्षा चार में दीपिका, कक्षा तीन में आयुष सिंह, कक्षा दो में डोली और एक में जोया को सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर क्रमशः दीपाली, आयुषी सिंह, अभय, श्रुति व अल्तमस रहे। इससे पहले छात्रा दीपाली, आयुषी, आरती, रजनी, पायल यादव व अनामिका ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय में शत- प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चे गोविंद, आयुष, अभय, देव, सिमरन, आरुषि, अंकित, दिव्यांशी व मयंक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक सरिता गौतम और एसएमसी उपाध्यक्ष रीता ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बच्चों को नियमित स्कूल भेजने वाली माताओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामदास, अमित श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, संदीप मिश्रा, अरविंद दुबे, रामकुमार उपस्थित रहे। विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल किनौरा में सहायक अध्यापक वैभव राजपूत ने कक्षा आठ के विद्यार्थियों को विदाई प्रमाण पत्र दिए। उनको उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही अंक पत्रों का वितरण किया। पीएमश्री प्राथमिक स्कूल भुगैतापुर में प्रधानाध्यापक शीला वर्मा ने भी बच्चों को प्रगति रिपोर्ट वितरित की। साथ ही बाल वाटिका में नए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कक्षा पांच में पलक, श्रेया व राज क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे। यहां एसएमसी अध्यक्ष अजय कुमार, संकुल प्रभारी उपेंद्र यादव, एआरपी मुकेश राजपूत, मंजेश पाल, प्रमिला चौहान मौजूद रहीं। कक्षा पांच के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी हुआ।

### वाट्सएप डीपी पर स्कूल चलो अभियान लोगो

**कन्नौज।** जिलेभर में पहली अप्रैल से स्कूल चलो अभियान शुरू होगा। इसके प्रचार-प्रसार के क्रम में बीएसए संदीप कुमार ने अपने सीयूजी नंबर पर वाट्सएप डीपी व स्टेटस में विभाग की ओर जारी स्कूल चलो अभियान का लोगो लगाया। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी ऐसा करने को कहा। सोमवार को पहले दिन इस पर अमल किया गया। नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने नामांकन के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आकर्षक बैनर, पंफलेट डिजाइन किया है।



प्राथमिक स्कूल आसकरनपुर्वा में मोमेंटो लिए खड़े विद्यार्थी व प्रधानाध्यापक सरिता गौतम और शिक्षक। अमृत विचार



कंपोजिट विद्यालय किनौरा में उपहार व मेडल पाने के बाद खुशी जताते छात्र-छात्राएं।



आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करते ब्लाक प्रमुख व अन्य।

# नवीन आंगनवाड़ी केंद्र के भवन का लोकार्पण

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** ब्लाक प्रमुख ने ब्लाक क्षेत्र के मलगवा गांव में नवीन आंगनवाड़ी केंद्र के भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद केंद्र को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सुपुर्द किया गया।

ब्लाक की ग्राम सभा मलगवा में प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के द्वितीय भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका निर्माण बाल विकास विभाग की ओर से कराया गया। सोमवार को नवीन भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने भवन के शिलापट का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा ग्राम नव निहाल बच्चों को संस्कारित करने में आंगनबाड़ी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। बालवाडी केंद्र पर सभी सुविधाएं कराई जाएंगी।

# कलेक्ट्रेट में बायोमेट्रिक हाजिरी लागू होगी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सोमवार को पहली बार कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली लागू की जाए।

मंत्री ने कहा कि इसी लगन, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहें। निरीक्षण के दौरान जो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, उनके संबंध में मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों की समय से उपस्थिति तय की जाए। उन्होंने कार्यालयों में पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को प्रभावी किए जाने का सुझाव भी दिया। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था जल्द लागू होगी। मंत्री ने कहा कि कार्यालयों की सुदृढ़ व्यवस्था, अभिलेखों का समुचित संरक्षण एवं समयबद्ध उपस्थिति, सुशासन की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र स्तर पर स्थापित समय पालन की व्यवस्था की तरह प्रदेश में भी इसे शुरू किया जा रहा है। इससे उन्होंने कहा कि आम जनता व वादकारियों को बिना देरी अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। तीन दिन पहले ही मंत्री ने ऑनलाइन मीटिंग कर अधिकारियों को समय से कार्यालयों में बैठने व सात सूत्री मंत्र दिए थे। दूसरी ओर चर्चा है कि कारण कुछ भी हों लेकिन यह सब रोमा स्मारक पर आयोजित हुए एक कार्यक्रम में 45 मिनट देरी का बखेड़ा होने के बाद से शुरू हुआ है। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय व शरद मिश्र मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में हाजिरी रजिस्टर देखते मंत्री असीम अरुण, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व अन्य लोग। अमृत विचार

- सोमवार को सुबह किया औचक निरीक्षण, कुछ कर्मचारी गैरहाजिर मिले

# कलह से तंग युवक ने फंदा लगा कर जान दी

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** गृह क्लेश से तंग 28 वर्षीय युवक ने कमरे में गले में फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।

थाना क्षेत्र के खडिनी चौकी क्षेत्र के गांव कर्री निवासी धर्मेंद्र शाक्य(28) पुत्र सत्यराम शाक्य के पिता सरकारी शिक्षक थे। लगभग तीन वर्ष पहले बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। मृतक आश्रित में धर्मेंद्र की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में नौकरी लग गई थी जो कि वर्तमान में विधूना के मऊ कछपुरा में सरकारी स्कूल में कार्यरत थे। रविवार सुबह पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके चलते धर्मेंद्र ने घर के अन्दर कमरे में छत के कुंडे से गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। मौत की जानकारी पर परिजनो में कोहराम मच गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना देकर शव को उतारा गया। पुत्र का शव देखकर मां का रो रोकर बुरा हाल है।

मां ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे पुत्र की पत्नी का मोहल्ले के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग था जिसकी जानकारी उसने पुत्रवधू के पिता व मां एवं पुत्रवधू के भाई को दी लेकिन उनके द्वारा उसे नहीं समझाया गया, जिसके चलते मेरे पुत्र व बहू में आए दिन बाद विवाद होता रहता था। इसीके चलते रविवार को आपस में विवाद हुआ और पुत्र ने कमरे में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।



नियुक्ति पत्र लिए कलेक्ट्रेट में मौजूद नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाएं, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम, सीडीओ व डीपीओ। अमृत विचार

# 13 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया जिले के चार आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण

**अमृत विचार।** जिले में 444 आंगनबाड़ी सहायिकाओं का चयन होना है। इसके आवेदन नवंबर 2025 में हुए थे। अब नियुक्ति पत्र वितरण का सिलसिला शुरू हो गया है। विकास खंड क्षेत्र गुगरापुर की नवचयनित 13 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए। साथ ही उनको निर्धारित यूनिफार्म की पीले रंग की साड़ियां भी दी गईं।

सोमवार को सुबह करीब 11 बजे कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, सीडीओ राम कृपाल चौधरी व जिला महामंत्री शैलेंद्र कुमार ने नियुक्ति पत्र दिए। इसमें लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा व सुना गया। इस दौरान जनपद के 04 आंगनवाड़ी केंद्रों का उन्होंने लोकार्पण भी किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि छिबरामऊ क्षेत्र के बिकूपुर, कन्नौज ग्रामीण क्षेत्र के ईशापुर, उमर्दा के मलगवां तथा जलालाबाद विकास खंड के जलालाबाद के केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जैसे ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन देने व मानदेय बढ़ाने की बात कही तो सभागार में मौजूद कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। सभी ने तालियां बजाकर स्वागत किया। सीएम ने कहा कि इसको लेकर जल्द ही बड़ा आयोजन होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि गुगरापुर इलाके में 16 में से 15 सहायिकाओं का चयन हो चुका है। मौके पर आईं 13 सहायिकाओं को लाभ दिया गया। जल्द ही अन्य ब्लॉक क्षेत्रों की परियोजनाओं में चयन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इससे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदैव महिलाओं के हित में कार्य किए हैं। अप्रैल में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि करने की घोषणा अच्छी है।

# मित्र के घर रहकर किसान के बेटे ने पाई कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तिखवापुर गांव निवासी अर्पित कटियार बन गए जीएसटी में असिस्टेंट कमिश्नर
- शहर के माया देवी इंटर कॉलेज से वर्ष 2010 में हाईस्कूल उत्तीर्ण किया था

**अमृत विचार।** कहते हैं कि किस्मत साथ दे रही है और आप लक्ष्य को लेकर ईमानदारी से मेहनत कर रहे हैं तो कामयाबी आपके चरण चूमेगी। वर्तमान में अगर दोस्त साथ दें तो चारचांद लग जाते हैं। कुछ ऐसी ही कामयाबी किसान के बेटे ने पाई है। बिना कोचिंग के मित्र के घर पर रहकर युवक ने पीसीएस की तैयारी की। परिणाम आया तो जीएसटी में सहायक कमिश्नर बन गया।

बात हो रही है विकास खंड जलालाबाद क्षेत्र के किसवापुर गांव निवासी 30 वर्षीय अर्पित कटियार की। उन्होंने बताया कि पिता योगेश कटियार किसान हैं। 80 वर्षीय बाबा रघुनाथ सिंह कटियार की प्रेरणा से उन्होंने तैयारी की जिससे सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि शहर के शिवाजीनगर स्थित माया देवी इंटर कॉलेज से वर्ष 2010 में हाईस्कूल पास किया था। अर्पित कटियार का कहना है कि मां सुधा कटियार गृहणी हैं और दो छोटे भाई अंकित व हर्ष पढ़ाई कर रहे हैं। सफलता में आधा सहयोग अंकित के मित्र आकाश कटियार निवासी नरायनपुर्वा, उदैतापुर गांव निवासी कर रहा। आकाश के घर पर ही रहकर अर्पित तैयारी कर रहे थे।

प्रधानाचार्य योगेंद्र पाल ने कहा कि उनके संस्थान माया देवी इंटर कॉलेज के लिए यह अच्छी खबर है कि जो बच्चे पढ़कर आगे बढ़ रहे हैं उनसे आने वाले विद्यार्थियों को भी सीख लेनी चाहिए।



अर्पित कटियार।



दिव्या शुक्ला।

### पीएस मलिहापुर की शिक्षक बनीं जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर

**कन्नौज।** उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल मलिहापुर की सहायक अध्यापक दिव्या शुक्ला अपनी मेहनत से जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर बन गईं हैं। वह मूलरूप से कानपुर के बर्रा आठ की रहने वाली हैं। पीसीएस के तहत चयन होने के बाद जनपद के शिक्षकों ने ढेर सारी बधाइयां उनको दीं हैं। करीब 28 वर्षीय दिव्या शुक्ला ने बताया कि 60 वर्षीय मां मीना शुक्ला गृहणी हैं। 34 वर्षीय बड़े भाई प्रभात मुंबई में साफ्टवेयर इंजीनियर हैं और 32 वर्षीय भाई अनिरुद्ध शुक्ल पेशे से अधिवक्ता हैं। जीएसटी में सहायक कमिश्नर के रूप में चयनित हुईं दिव्या का कहना है कि उनका चयन वर्ष 2021 में 69 हजार शिक्षक भर्ती के तहत कन्नौज में हुआ था। तिर्वा में किराए पर रहकर उन्होंने एक साल बाद तैयारी शुरू की। रविवार की देर शाम आए फाइनल परिणाम में उनका चयन हो गया।

# उमरा जा रहे दंपति का किया स्वागत

**गुरसहायगंज।** नगर से उमरा के लिए जा रहे दंपति का स्थानीय लोगों ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। सपा नेता सहित स्थानीय लोगों ने दंपति को दुआओं से नवाजा और यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

सोमवार को नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी तैयब अंसारी, नसरीन बेगम का स्थानीय लोगों व सपा नेता मुनीर कुरैशी ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद निजी वाहन से लखनऊ के लिए रवाना किया। बताया कि तीर्थ यात्री लखनऊ से प्लेन द्वारा सउदी अरब के लिए रवाना होंगे। जहां तीर्थ यात्रा कर अमन चैन की दुआ करेंगे। इस दौरान मोहम्मद फैजान, तौहीद अंसारी, राजू सलमानी, रशीद उर्फ मुन्ना, हिप्पी फारूकी, सलमान कुरैशी, जीशान कुरैशी, राजा अंसारी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | शहर के जैन मंदिर से निकाली गई शोभा यात्रा

# शहर में धूमधाम से निकली स्वामी महावीर की यात्रा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** भगवान महावीर स्वामी के 2627वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जैन समाज ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। अहिंसा और सत्य का संदेश लेकर निकली यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर जैन मंदिर में समाप्त हुई।

सोमवार को शहर के छिपट्टी मोहल्ला स्थिति जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रथ पर सवार भगवान महावीर की सोने की प्रतिमा को पूरे शहर के मोहल्लों छिपट्टी से निकल कर हाजीगंज, हरदेवगंज, पाटानाला, लाखन चौराहा, मिठाईगली, छाटा चौराहा, फर्श रोड, शब्जी मण्डी से निकाली गई। यात्रा शहर में भ्रमण करने के बाद जैन मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यात्रा का शहर में जगह जगह स्वागत किया गया। वहीं लोगों ने कई स्थानों पर पूजा की। भक्तों ने कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की थी। यात्रा में पुरुषों के अलावा महिलाएं शामिल रहीं। कन्नौज नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद रईस ने शोभायात्रा का स्वागत किया। उन्होंने सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने सेवा भाव के साथ सभी लोगों के बीच फल और कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान महावीर का संदेश 'जियो और जीने दो' पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायक है। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में प्रेम और सद्भावना का संचार होता है। शोभा यात्रा में जैन समाज के गणमान्य लोगों में उमंग नवीन जैन, आदिराज जैन, शशांक जैन, वैभव जैन, उत्तम जैन, उपेंद्रजैन, शैलेंद्र, नवीन, सुशील, संजीव, पारस, सचिन, संजय, सुनील, अम्बरीश, प्रशांत, पराशचंद्र, निशंक, आकाश, अमित, राकेश, डाली, ममता, नीतू, रीतू, जया जैन, रोमी जैन, पूजा, ऊषा, प्राची, नीलम, भवना, सपना समेत कई महिला भक्त शामिल हुईं।



रथ पर सवार भगवान महावीर की प्रतिमाला। अमृत विचार



यात्रा में शामिल महिला भक्त। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### परचून की दुकान से नकदी व सामान चोरी

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पृथ्वीदरवाजा घनी आबादी में स्थित एक परचून की गोदाम में अज्ञात चोरों ने रविवार रात्रि ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से लगभग 15 से 20 हजार रुपये की नकदी और परचून का सामान ले गए। सोमवार सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने दुकान के टूटे हुए ताले देखे, तो उन्होंने तत्काल दुकानदार ऋषि को सूचना दी। सूचना मिलते ही दुकानदार ऋषि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित दुकानदार ऋषि के अनुसार, चोरों ने उनकी दुकान से 15 से 20 हजार रुपये की नगदी के साथ परचून का काफी सामान चोरी कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

**तिर्वा।** रोड पार करते समय वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम पट्टी निवासी भैय्या लाल (65) पुत्र होरी लाल रविवार रात करीब आठ बजे अपने गांव में दुकान से घर जाने के लिये सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने वृद्ध को टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उनको लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। ठठिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल

**सौरिख।** तेज रफ्तार बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक चालक की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के नादेमऊ चौकी के गांव नंदपुर निवासी आशीष कुमार पुत्र रमेश चंद्र अपनी बुआ गुड्डी देवी (45) पत्नी नीरज निवासी नगला दुली कोतवाली भोगांव जनपद मैनपुरी के साथ में उनकी पुत्री चिक्की 8 वर्ष को बाइक पर बैठकर सोमवार सुबह लगभग 11 बजे घर भोगांव जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नादेमऊ चौराहे पर पहुंची थी कि तभी पीछे बैठी उसकी बुआ गुड्डी देवी अचानक गिर गई जिससे उनके सर में गंभीर चोटें आईं।

### कांग्रेस नेता संजय पौल के आकस्मिक निधन पर शोक

**छिबरामऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय पौल के आकस्मिक निधन से जिला कांग्रेस में शोक की लहर दौड़ गई है। कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने दुख व्यक्त करते हुए संजय पौल के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, संजय पॉल का जाना जिला कांग्रेस के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन, बहार कुरैशी, सरफराज खान, आरिफ खान, आमोद दीक्षित, विनोद कुमार पप्पू, विकास मिश्रा, अनुज वर्मा सहित पूरे कांग्रेस परिवार ने पहुंचकर संजय पौल को अंतिम विदाई दी। सभी ने शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### जवारे यात्रा निकाल मां से मांगी मन्नत

**कन्नौज।** भक्तों ने जवारे यात्रा निकाल कर मां से मन्नत मांगी। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया है।

ग्राम सभा रितु कला में जवारे यात्रा निकाली गई। आयोजक मुन्नू सविता व अन्य भक्तों का संजय सविता, मनोज वर्मा, पंकज वर्मा, रवि श्रीवास्तव, सदानंद कुशवाहा, अनु कुशवाहा, गौरव सविता, सुरेश चंद सविता, अशोक सविता, सूरज प्रसाद कुशवाहा, ने स्वागत किया।

### रोजगार मेले में 36 को मिला रोजगार

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क के प्रांगण में शिशिक्षु अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 2 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 50 के सापेक्ष मेला में 68 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेले में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 68 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 18 अभ्यर्थियों का टोयोटा ग्रुप कम्पनी, फारूखनगर, गुरुग्राम में 8 अभ्यर्थियों का अप्रेन्टिसशिप तथा 10 अभ्यर्थियों का जॉब ट्रेनी के लिए चयन किया गया। मेले की व्यवस्था में नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह समेत कई लोग रहे।

# गश्त पर निकली पुलिस टीम से की मारपीट, वर्दी फाड़ी

## दूल्हे सहित पांच लोग गिरफ्तार, 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता कायमगंज

- पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया
- घायल सिपाहियों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है

**अमृत विचार।** नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रही पुलिस टीम पर रविवार देर रात कुछ युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की, उनकी वर्दी फाड़ दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस ने पाँच नामजद सहित कुल 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रविवार देर रात लगभग 12.10 बजे कोतवाली कायमगंज की पुलिस टीम सरकारी वाहन से बिरियन तिराहा से गालिब पुलिया की ओर गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने सड़क पर खड़ी एक गाड़ी (संख्या एमएच 48 एस 6590) देखी, जिसके बोनट पर चढ़कर कुछ युवक डीजे की धुन पर हंगामा कर रहे थे।

उपनिरीक्षक लालजी, सिपाही मनोज, मेघश्याम और चालक गौरव ने जब युवकों को समझाने और रास्ता साफ करने का प्रयास किया, तो वे क्रोधित हो गए। आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस झड़प में सिपाही मेघश्याम और मनोज को चोटें आईं, और उनकी वर्दी के बटन टूट गए तथा कपड़े फट गए। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला छपट्टी निवासी अरशान के वलीमे का कार्यक्रम एक गेस्ट हाउस में चल रहा था। दावत के बाद मुंबई से आए कुछ रिश्तेदार और स्थानीय युवक नशे में धुत होकर जश्न मना रहे थे और हुड़दंग कर रहे थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर उन्होंने कानून का उल्लंघन किया।

सिपाही मनोज की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ला छपट्टी निवासी हुजैब मंसूरी, रिहान, अरसान मंसूरी, महबूब अंसारी और फर्रुखाबाद निवासी राजिक व 8-10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। घटना में इस्तेमाल की गई महाराष्ट्र नंबर की गाड़ी को भी मुकदमे में शामिल किया गया है।

घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने रात में ही घेराबंदी कर एक युवक को हिरासत में ले लिया था, और अन्य आरोपियों की तलाश में सुबह तक दबिश दी गई। घायल सिपाहियों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। क्राइम इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने पुष्टि की है कि सभी पांचों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कंपिल स्टेशन के पास युवक को पीटा

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र में रुदायन रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार को एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मानिकपुर निवासी ममता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र अंश पाण्डेय सोमवार सुबह फर्रुखाबाद से आने वाली ट्रेन से रुदायन रेलवे स्टेशन पर उतरा था। उसी ट्रेन से परिवार का ही संजीव भी उतरा। आरोप है कि स्टेशन के बाहर संजीव ने अंश पाण्डेय के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने घर सूचना दे दी। इसके बाद आशीष, सचिन और अरविन्द सहित अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर एक चार पहिया वाहन से मौके पर पहुंचे। उन्होंने अंश पाण्डेय के साथ मारपीट की, जिससे उसके हाथ-पैर में चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर अंश को बचाया। आरोपी जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने संजीव, आशीष, सचिन और अरविन्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ भईयन मिश्रा के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

संवाददाता फर्रुखाबाद



जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को ज्ञापन देते भईयन मिश्रा व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** सोमवार को फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अभिभावक कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्राइवेट स्कूलों पर फीस और पठन-पाठन सामग्री को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाया। अभिभावकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की और जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल संचालक छात्रों और अभिभावकों को 1 अप्रैल से खुलने वाले विद्यालयों के लिए चयनित बुक स्टोर से ही किताबें खरीदने को बाध्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, टाई, बेल्ट, ड्रेस, जूते और मोजे जैसी अन्य सामग्री भी निर्धारित दुकानों से ही खरीदने के लिए कहा जा रहा है। अभिभावकों ने केंद्र सरकार के निर्देशों का हवाला दिया, जिसके अनुसार कोई भी विद्यालय अपने द्वारा निर्धारित स्थान से स्कूल संबंधी कोई भी वस्तु खरीदने के लिए छात्र-छात्राओं को बाध्य नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

इसके बावजूद, निजी विद्यालय प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें चलवा रहे हैं, जिनकी कीमत हजारों रुपये होती है। अभिभावक मजबूरी में इन्हें खरीदते हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि प्रत्येक वर्ष निजी विद्यालय प्रवेश के नाम पर हजारों रुपये वसूलते हैं, जो कि अवैध है। साथ ही, मासिक फीस का विवरण भी अभिभावकों को नहीं दिया जाता, जिससे अभिभावकों का शोषण हो रहा है। भईयन मिश्रा ने कहा कि 26 मार्च को भी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया था, जिसमें मान्यता रद्द करने की मांग की गई थी, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। श्री मिश्रा नेचेतावनी दी गई कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे अभिभावकों के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होते ही पीड़ित परिवार पर हमला

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र के एक ग्राम में नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ का मामला अब कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल बनकर उभरा है। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के महज एक दिन बाद ही दबंगों ने

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक महिला ने थाना राजेपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि हमीरपुर सोमवंशी निवासी अरुण सिंह पुत्र गया सिंह पिछले करीब एक वर्ष से उसकी नाबालिग पुत्रियों का पीछा कर रहा था। वह आए दिन घर के आसपास मंडराता, रास्ते में अश्लील इशारे करता और अभद्र टिप्पणियां करता था। कई बार विरोध करने के बावजूद आरोपी की हरकतों में कोई कमी नहीं आई, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन इसके अगले ही दिन घटना ने नया मोड़ ले लिया, जब दबंगों ने घात लगाकर पीड़ित बच्चियों के पिता पर हमला कर दिया। आरोप है कि उन्हें बेरहमी से पीटा गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ॅवहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा दी जाए तथा सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।

# सात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 476 सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

संवाददाता फर्रुखाबाद





सभागार में विधायक सुशील शाक्य, नागेन्द्र सिंह राठौर, डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी व स्मार्टफोन पाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हुआ वितरण

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य और विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर भी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

जनपद स्तर पर चयनित सात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 476 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, पूर्व से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कुल 239 स्मार्टफोन पात्र लाभार्थियों को दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को कार्य में सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनका उपयोग पोषण ट्रैकर ऐप पर डेटा फीडिंग और रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा।

इसी क्रम में, वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्मित 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर किया गया।

# अवैध रूप से रखे 10 घरेलू सिलेंडर किए गए जब्त

संवाददाता फर्रुखाबाद

- डीएसओ सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में हुई कार्रवाई, एक गिरफ्तार

अमृत विचार। शहर में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने सोमवार दोपहर जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला अस्तबल तराई में अवैध रूप से घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर रखने के मामले में छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और मौके से दस भरे तथा खाली सिलेंडर जब्त किए गए।

डीएसओ के नेतृत्व में छापा मारने पहुंची टीम में राजीव बाबू, इंस्पेक्टर नेहा गुप्ता, बजरिया चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह और कांस्टेबल अनुज तिवारी भी शामिल थे। पुलिस को शिबू पुत्र अफजल के वाड़े में अवैध रूप से गैस सिलेंडर रखे होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। छापेमारी के दौरान वीरपाल पुत्र बैजनाथ (निवासी बलोखर, थाना नवाबगंज, उम्र करीब 50 वर्ष) को पकड़ा गया।

तलाशी में उसके कब्जे से चार भरे हुए और छह खाली गैस सिलेंडर बरामद हुए। पुलिस ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर थाना मऊ दरवाजा पहुंचाया। डीएसओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रदेश सरकार के आदेशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घुमना की धार्मिक किताबों की दुकान में लगी भीषण आग

संवाददाता फर्रुखाबाद

- शार्ट सर्किट से लगी आग में दो लाख का हुआ नुकसान



दुकान में लगी आग का दृश्य।

**अमृत विचार।** शहर के व्यस्त इलाके घूमना बाजार में रविवार देर रात एक धार्मिक किताबों की दुकान पंजाब बुक डिपो में भीषण आग लगने से हडक़ंप मच गया। घटना मोहल्ला सूफी खां निवासी मोहम्मद यासीन शमसी की दुकान की है, जहां आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया और करीब दो लाख रुपये का नुकसान हो गया। दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने की सम्भावना जतायी गयी है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मद उमर रोजाना की तरह रविवार शाम करीब आठ बजे अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली कि उनकी दुकान से तेज आग की लपटें उठ रही हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, जहां तकरीबन सैकड़ों की संख्या में आसपास के लोग और कोतवाली पुलिस पहले से मौजूद थी।

स्थानीय लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। सूचना दिए जाने के लगभग पौन घंटे बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखी सभी धार्मिक किताबें और अन्य सामान पूरी तरह जल चुके थे।

पीड़ित मोहम्मद उमर के मुताबिक दुकान में करीब दो लाख रुपये की किताबें और अन्य सामग्री रखी हुई थी, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल रहा।

दुकान मालिक मोहम्मद यासीन शमसी ने बताया कि रविवार शाम करीब 6 बजे उनके भाई शानू शमसी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात लगभग 12.30 बजे उन्हें पड़ोसी दुकानदार का फोन आया कि उनकी दुकान में आग लग गई है।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**छिबरामऊ।** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र में पुलिस के मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान फेज 5.0 एंटी रोमियो अभियान के तहत ग्राम मोहन नगला में महिलाओं को एकत्रित कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद के लिए वीमेन पावर लाइन 1090, यूपी112, ऑपरेशन 1098 चाइल्ड लाइन और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर बताए गए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और महिला रात्रि एस्कार्ट सुरक्षा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

# तिर्वा में देवी जागरण में भक्ति गीतों पर झूमते रहे भक्त

संवाददाता तिर्वा



जागरण के दौरान झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

- गांधी चौक के पास निजी गेस्ट हाउस में हुआ कार्यक्रम
- कथा के उपरांत हलुआ व चना का प्रसाद वितरित किया गया

**अमृत विचार।** कस्बा में हुए देवी मां के जगराते में श्रोता पूरी रात भक्ति की गंगा में सराबोर होते रहे। कलाकारों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

रविवार को गांधी चौक के पास निजी गेस्ट हाउस में मां भगवती जवारा एवं सांग कमेटी के तत्वावधान में मां अन्नपूर्णा जागरण मंडली द्वारा माता रानी के जगराते का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज सेवी अजय चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी, डा. मनोज सविता ने वैदिक रीति से हवन पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा देवी गीतों तथा धार्मिक भजनों के माध्यम से भक्ति का रसास्वादन कराया। कलाकारों ने गणेश जी, काल भैरव, राधा कृष्ण, शिव पार्वती तांडव नृत्य का मनमोहक सजीव मंचन किया गया। सुबह कथा के उपरांत हलुआ व चना का प्रसाद वितरित किया गया। मंच का संचालन राम अवतार मनवसिया ने किया। इस दौरान राजेंद्र कुमार गुप्ता, राजेश गोल्डी, भोला तिवारी, रामजी, अनिल ओमर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया, छात्राओं ने प्रतिभा दिखा कर कार्यक्रम में पाया स्थान

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से निखरती छात्राओं की प्रतिभा

संवाददाता गुरसहायगंज



कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सोमवार को नगर के रामगंज स्थित अमतुन्ना बानो महिला डिग्री कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ किया। वहीं महाविद्यालय के प्रबंधक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रही छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। इस दौरान रिजवाना सिद्दीकी, प्राचार्य डा. पूजा श्रीवास्तव, रूबी वर्मा, डा. साधना, नीतू सिद्दीकी, अमित चौरसिया, ग्रीशचन्द्र, जमाल खान, मुदस्सिर हुसैन, मो शमी, राजू मौजूद रहे।

## ग्लोबल स्कूल में रिपोर्ट कार्ड का वितरण हुआ

**छिबरामऊ।** किड़जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणामों का रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे परिधानों, फूलों तथा कार्टून चित्रों से खूबसूरती से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के स्वागत से हुई। कक्षाध्यापकों ने अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उपस्थिति, अनुशासन और समग्र विकास की विस्तृत जानकारी दी। व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से प्रत्येक बच्चे की प्रगति और सुधार के बिंदुओं पर चर्चा की गई। समारोह में पीजी से कक्षा 9 तक के छात्रों को सर्वाधिक अंक एवं प्रतिशत के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्रदान किए गए। अभिभावकों को रिपोर्ट कार्ड सौंपे गए तथा उनके वर्ष भर के सहयोग की प्रशंसा की गई। प्रधानाचार्या वरखा अवस्थी ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी ने अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। कोऑर्डिनेटर शुभम कमल ने नए सत्र की शुरुआत 02 अप्रैल को हवन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ होने की जानकारी दी गई।

# होम डिलीवरी से सिलेंडर सेवा उपलब्ध कराने का फरमान

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद की तीनों तहसील क्षेत्रों में डीजल, पेट्रोल, एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक, आमद तथा बिक्री की स्थिति का निरीक्षण किया गया। पेट्रोल पंप स्वामियों को किसी भी स्थिति में बोतल, कैन व ड्रम आदि में पेट्रोल की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए। गैस एजेंसियों को होम डिलीवरी से रीफिल उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही ईकेवाईसी के लिए अलग विंडो तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को सदर एसडीएम सदर वैशाली चोपड़ा, छिबरामऊ में ज्ञानेंद्र द्विवेदी व तिर्वा में राजेश चौरसिया की अध्यक्षता में संबंधित पूर्ति निरीक्षक के साथ गठित टीम ने रैंडम आधार पर प्रतिष्ठानों पर हालातों का जायजा लिया। अधिकारियों की मानें तो पेट्रोल पंप पर ईंधन की बिक्री सामान्य पाई गई। आमद की स्थिति भी संतोषजनक है। प्रतिष्ठानों के प्रोपराइटर एवं उपभोक्ताओं की समस्या को सुन कर निस्तारण करने का दावा भी किया जा रहा है। बताते चलें कि आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने कनेक्शनधारकों को डीएसी नंबर आने के बाद भी होम डिलीवरी सुविधा न देने, कार्यालयों में बुलाकर बाउचर देने के नाम पर भीड़ लगवाने का मामला उठाया है। उसके बाद ही यह निरीक्षण हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जसवंतनगर।** बलरई थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जिले के थाना करहल क्षेत्र के गांव दादूपुर निवासी अम्बेस कुमार अपने साढ़ू उदय सिंह के साथ फिरोजाबाद जिले के थाना नगला खंगर के गांव रुरिया रूचन जा रहे थे। तभी बलरई–भदान मार्ग पर एक मैरिज होम के पास पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान अम्बेस कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के भाई नीलेश पुत्र प्रेमचंद ने थाने में तहरीर दी।

### बुजुर्ग दंपती ने बेटे-बहू पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**इटावा।** फ्रेंड्स कॉलोनी के शकुंतला नगर निवासी सेवानिवृत्त पीएसी कर्मी प्रकाशचन्द्र ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका पुत्र और बहू उन्हें और उनकी पत्नी सुषमा देवी को लगातार परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि बहू अक्सर घर खाली कराने के लिए दबाव बनाती है और आत्महत्या करने की धमकी देकर डराने का प्रयास करती है। आरोपियों के खिलाफ 23 जुलाई 2025 को भी कार्रवाई हो चुकी है और उन्हें संपत्ति से बेदखल किया जा चुका है। इसके बावजूद वे गाली–गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### आश्रम के महंत व पत्नी के साथ की मारपीट

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित आश्रम पर देर रात दबंगों ने महंत और उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव सालिमपुर निवासी महंत अशोक गिरी ने बताया कि गांव में उनके आश्रम में कुछ दिन पहले चोरी हुई थी। इस संबंध में जब उन्होंने गांव के ही कुछ लोगों से शिकायत की तो वे नाराज हो गए। आरोप है कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे गांव के करीब आधा दर्जन से अधिक लोग आश्रम पर पहुंच गए और महंत अशोक गिरी व उनकी पत्नी उर्मिला गिरी के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

### मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत सीएनजी पेट्रोल पंप पर किसी बात पर हुए विवाद में दबंगों ने गोविंद पुत्र महेश चंद्र निवासी मानपुरा चकरनगर को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत नगला बाबा में विवाद के चलते दबंगों ने जितेंद्र को मारपीट कर घायल कर दिया।

### दो महिलाओं ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, भर्ती

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर दो महिलाओं ने परिवारिक विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर निवासी सावित्री देवी ने परिवारिक विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सिलायता निवासी ज्योति ने परिवारिक विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया।

### विवाहिता को पीट कर घर से निकाला

**भरथना।** मोहल्ला ब्रजराज नगर में दहेज की मांग पूरी न होने पर सुसरलीजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। रिया दुबे निवासी मोहल्ला ब्रजराज नगर भरथना ने बताया कि उनकी शादी एक नवंबर 2025 को ग्राम वीरपुर सलेमपुर निवासी अभय उर्फ विष्णु दुबे के साथ हुई थी शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कार और पांच लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज मांगने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 11 दिसंबर 2025 को पति ने मारपीट कर उसका सारा स्त्रीधन छीन लिया और उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद उसने चौकी अहेरीपुर में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में भी उसके साथ मारपीट की गई। पीडिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएम की दूरदर्शी सोच प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में अग्रसर

## आंगनबाड़ी केंद्रों व बाल विकास परियोजना कार्यालयों का हुआ लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों का लोकार्पण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।


स्मार्ट फोन के साथ कार्यकत्रियां साथ में सदर विधायक व डीएम अमृत विचार

- **कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया**

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश के चौमुखी विकास के अंतर्गत आज 33 आंगनबाड़ी केंद्रों का तथा 6 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया गया ताकि हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे स्वस्थ व सुगम वातावरण में पोषित हो सके एवं कार्यक्रम में 7 नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति दी गई जो की दर्शाता है कि मुख्यमंत्री रोजगार के प्रति कितने सजग हैं। इसके साथ ही जनपद के 1564 आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 31 मुख्यसेविका को स्मार्टफोन दिया गया ताकि उनको कार्य करने में न केवल सुगमता हो बल्कि वह अपना कार्य सुचारू रूप से आसानी से कर सकें।

उन्होंने कहा बच्चों के प्रारंभ में ही आधार और जन्म प्रमाण पत्र बने साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इसी वित्तीय वर्ष में 9 आधार मशीनें प्रिंटर सहित लैपटॉप परियोजनाओं को उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की यह दूरदर्शी सोच ही प्रदेश में उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

## किसान के घर से लाखों की चोरी

**जसवंतनगर ।** ग्राम ज्वालापुर निवासी किसान अशोक कुमार ने बताया कि शनिवार की रात वह घर में अकेले सो रहे थे। चोरों ने घर के पिछवाड़े से छत पर चढ़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद जीने के रास्ते चोर ऊपरी मंजिल के कमरों तक पहुंच गए। वहां अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर सामान ले गये। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने करीब 15 हजार रुपये की नकदी और लगभग 2 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए हैं। अशोक कुमार ने बताया कि ये जेवरात उनकी पुत्री को शादी में उपहार स्वरूप मिले थे । अशोक का आरोप है कि घटना की सुबह ही उन्होंने धरवार पुलिस चौकी पर सूचना दे दी थी, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। अशोक ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी कमल भाटी ने कहा कि शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही साक्ष्य जुटाकर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# बेकरी संचालक के घर से नकदी व जेवरात किये

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कटरा शमशेर खां में दिनदहाड़े बिस्किट बेकरी संचालक के घर में घुसकर चोरों ने नकदी, जेवरात और एटीएम कार्ड पार कर दिया। इतना ही नहीं, चोरी किए गए एटीएम कार्ड से खाते से करीब 18 हजार रुपये भी निकाल लिए । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला कटरा शमशेर खां निवासी मोहम्मद तुफैल उर्फ कल्लू बिस्किट बेकरी का संचालन करते हैं। उनकी पत्नी सुहाना बेगम, बेटा मुजीब और एक बेटी कानपुर देहात के मुंगीसापुर में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। उस समय घर पर केवल मोहम्मद तुफैल ही मौजूद थे। मुजीब के मुताबिक मोहल्ले का ही एक युवक उन्हें ई-रिक्शा से बस स्टैंड तक छोड़ने गया। उनका आरोप है कि उसी युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर घर में चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। शाम के समय जब मोहम्मद तुफैल किसी काम से बाहर गए हुए थे तभी दोनों आरोपी घर में घुस गए।

चोरों ने मुजीब के कमरे को निशाना बनाते हुए वहां से एक सोने की चेन, एक अंगूठी, करीब 45 हजार रुपये नकद और एटीएम कार्ड चोरी कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर खाते से 18 हजार रुपये भी निकाल लिए। खाते से पैसे निकलने के मैसेज जब मुजीब के मोबाइल पर पहुंचे तो उसे अनहोनी का शक हुआ। वह तुरंत कानपुर देहात से इटावा के लिए रवाना हुआ और घर पहुंचने पर चोरी की घटना की पुष्टि हुई। मुजीब ने बताया कि आरोपियों ने तकिया स्थित एटीएम मशीन से पैसे निकाले। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

# डॉ. सूर्यकांत का राहतपुर के नेत्र चिकित्सालय में हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** देश ही नहीं, दुनिया के जाने माने चिकित्सक तथा अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित केजीएमयू लखनऊ के रेस्प्रेटरी मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर एंडहेड. सूर्यकांत ने राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में आकर अस्पताल की सेवा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा चिकित्सालय द्वारा किए जा रहे पारमार्थिक सेवा कार्यों की दिल खोलकर सराहना की।


डॉ. सूर्य कांत का स्वागत करते डॉ. विद्याकांत तिवारी, राजेंद्र दीक्षित व अन्य लोग।

इससे पूर्व चिकित्सालय में पहुंचने पर डा. सूर्यकांत का संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी, निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, विनोद त्रिपाठी, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, कौशल चंद्र चतुर्वेदी, घनश्याम तिवारी, भारत विकास परिषद धर्मार्थ शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, केके त्रिपाठी ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डा. सूर्यकांत ने कहा कि मेरे अपने गृह जनपद में चल रहे श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनवरत की जा रही निस्वार्थ सेवाओं की चर्चा सुनकर मैं भी आज इस अस्पताल को देखने तथा इस संस्थान से जुड़े उदार सेवाव्रतियों से मिलने के लिए यहां आया हूं और मैं चाहता हूं कि आप जैसे सच्चे और निःस्वार्थ सेवाधर्मियों के माध्यम से मैं अपने धन्वंतरि सेवा न्यास तथा सीएसआर जैसी परोपकारी संस्थाओं के द्वारा समाज की सेवा में पूरे समर्पण भाव से लगे व्यक्तियों व संस्थाओं को साधन सुविधाओं की सहायता दिलाकर सेवा के संकल्पों को आगे बढ़ाने में योगदान दे सकूं। इस अवसर पर चिकित्सालय के नेत्र सर्जन डॉ. उमेश अहिरवार के अलावा प्रशांत तिवारी, गणेश ज्ञानार्थी, सुधीर मिश्र, सर्प मित्र डॉ. आशीष त्रिपाठी मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन से गिरी चिंगारी से झोपड़ी में लगी आग

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव निनावा में सोमवार दोपहर हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से लगी आग में झोपड़ी समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

गांव निवासी रानी ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी झोपड़ी पर गिर गई, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर झोपड़ी में रखा करीब दो क्विंटल भूसा, पांच क्विंटल गेहूं, जीन पाइप, चारपाई, दो साइकिल समेत अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। वहीं झोपड़ी में बंधी एक गाय और एक भैंस भी बुरी तरह झुलस गईं। पीड़िता के अनुसार उनके पति गुजरात में रहकर मजदूरी करते है घटना के समय वह खेतों में काम करने गई थी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# जिले में 7122 मतदाताओं ने जमा नहीं कराए अपने कागजात, कटेंगे नाम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** एस आई आर में जिले में तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो गया है। इस दौरान 7122 मतदाता ऐसे हैं , जिन्हें नोटिस दिया गया था लेकिन इन मतदाताओं ने कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया या फिर इनका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है। इस कारण ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे ।


राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम।

- **एसआईआर में नोटिस की सुनवाई का काम हुआ पूरा**

राजनीतिक दलों के साथ बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि नो मैपिंग और तार्किक विसंगति के नोटिस दिए गए थे। यह नोटिस 2 लाख 64 हजार 137 मतदाताओं को दिए गए थे, इनमें से 7122 मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम सूची में अंकित नहीं है । उन्होंने बताया कि 21 जनवरी से इन नोटिसों की सुनवाई शुरू की गई थी और 27 मार्च को सुनवाई का काम पूरा कर लिया गया है । उन्होंने कहा कि जिले में यह काम सफलतापूर्वक पूरा किया गया है ।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद अधिकारियों ने प्रतिनिधियों के साथ ही एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। इस दौरान अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, भाजपा के कृपा नारायण तिवारी व संजीव भदौरिया , समाजवादी पार्टी से उदयभान सिंह यादव , कांग्रेस से वाचस्पति द्विवेदी, कम्युनिस्ट पार्टी से प्रेम शंकर यादव व अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त हो रहे परीक्षकों को उप नियंत्रक ने किया सम्मानित


परीक्षकों को सम्मानित करते उप नियंत्रक प्रधानाचार्य गुफरान अहमद।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** इंटरमीडिएट के मूल्यांकन केंद्र इस्लामियां इण्टर कॉलेज पर दो परीक्षकों जितेंद्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया तथा प्रतिभा प्रवक्ता जीजीआईसी उदी को सेवा निवृति के सप्ताह में भी तल्लीनता पूर्वक कार्य करने पर उपनियंत्रक एंव प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपनियंत्रक गुफरान अहमद ने कहा कि आज के दौर में सेवाकाल के अंतिम प्रहर में भी जिस मनोयोग से उक्त दोनों परीक्षक मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं वह अपने आप में एक आदर्श उदाहरण है। इस अवसर पर उपस्थित परीक्षकों ने भी उक्त दोनों का भावपूर्ण स्वागत किया। इस दौरान सह उप नियंत्रक मुहम्मद जावेद खान, प्रधानाचार्य शिव शंकर त्रिपाठी, डॉ उमेश यादव, सुनीता कुशवाह, मंजू भदौरिया, बविता कुमारी, उमैर आदिल आदि रहे।

# नेचर वॉक के दौरान दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के तत्वावधान में नगर वन में नेचर वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस, विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को प्रकृति, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।


वनस्पतियों के बारे में जानकारी देते डॉ. डीके दुबे। अमृत विचार

नेचर वॉक के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को नगर वन क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, पक्षियों तथा अन्य जीव-जंतुओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ बी एन सिंह, डॉ डी के दूबे, डॉ अत्री गुप्ता, डॉ कमल कुशवाहा, सुश्री रश्मि पुरवार, सचिव परिवर्तन समिति श्री संजय सिंह चौहान ने बताया कि प्रकृति के साथ जुड़ना और उसे समझना ही संरक्षण की दिशा में पहला कदम है। नगर वन जैसे हरित क्षेत्र न केवल जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शहर के पर्यावरण संतुलन और लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की जा सकती है। नेचर वॉक में पर्यावरण प्रेमियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# रंजिश के चलते मामा–भांजे को पीटा

संवाददाता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** कस्बा के मोहल्ला रानी नगर में सोमवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते मामा-भांजे के साथ मारपीट कर दी गई। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर चाकू से हमला करने का भी आरोप लगाया है।

मोहल्ला रानी नगर निवासी संजीत पुत्र शौकत सिंह ने बताया कि वह अपने भांजे तनु पुत्र देवेंद्र निवासी मैनपुरी के साथ बिजली घर से बिल जमा कर लौट रहे थे। आरोप है कि घर के पास अंबेडकर मूर्ति के निकट पहले से घात लगाए बैठे तीन युवक व एक महिला ने दोनों की घेरकर बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि करीब दस दिन पहले उनके छोटे भाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी, जिसकी शिकायत थाना भरथना में की गई थी। उसी मामले में समझौते का दबाव बनाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने धारदार हथियार से भी हमला किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तनु की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि संजीत का उपचार जारी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल चल रही है। जांच के बाद दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**खेल के मैदान से** | फुटबाल जूनियर वर्ग में आर्यन की टीम व क्रिकेट में अभिषेक की टीम बनी विजेता

# फुटबॉल व क्रिकेट में बच्चों ने दिखाया दमखम

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार ।** आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के सामने स्थित मैदान में डॉ. भीमराव आंबेडकर फाउंडेशन की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन ही बच्चों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फुटबॉल और क्रिकेट मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया।


फुटबाल खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

फुटबॉल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आर्यन की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। टीम की ओर से आर्यन और शिवम ने एक-एक गोल किया, जबकि विपक्षी टीम के रोहित ने एकमात्र गोल दागा। मैच में गोलकीपर आदित्य ने कई बेहतरीन बचाव कर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। क्रिकेट मुकाबले में अभिषेक की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाए। अभिषेक ने 32 रन, उमेश सिसोदिया ने 21 रन और सुखवीर ने 15 रन का योगदान दिया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 65 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में अजीत कुमार ने 3 विकेट और मनीष ने 2 विकेट झटके। इस तरह अभिषेक की टीम ने 13 रन से मुकाबला जीत लिया।

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर से करीब 140 बच्चों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने पहले दिन ही प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

कोच राम मोहन और मोनू खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते नजर आए, जबकि अभिषेक यादव, मनीष राठौर और गौरव श्रीवास्तव ने कमेंट्री कर मुकाबलों को रोचक बनाया । फाउंडेशन के संस्थापक अखिलेश , डायरेक्टर आशा वर्मा, अध्यक्ष जीतू सिंह, उपाध्यक्ष अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रविंद्र और आलोक गौतम के नेतृत्व में आयोजन कराया जा रहा है। सहयोगी सदस्यों में राजकुमार, जेपी एंटोनी, डीके सिंह, अजीत कुमार द्वितीय, घनश्याम, विनोद, संतोष, केपी वैद्य, मसीह, बृजेश कुमार, मनीष कुमार, चंद्रकेश और डॉ. नवरत्न सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

# भाजपा के प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को दिए गए बूथ प्रबंधन के मंत्र

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाए संचालित कर रहीं हैं। सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद तक बिना किसी भेदभाव व तुष्टिकरण के पहुंच रहा हैं। भाजपा के प्रशिक्षण अभियान में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य ने कहा कि भाजपा का मूल दृष्टिकोण संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। बूथ प्रबंधन विषय पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भाजपा का बूथ प्रबंधन उसकी चुनावी जीत का मुख्य स्तंभ है, जिसमें मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत हर बूथ पर 21 सदस्यीय समिति और पन्ना प्रमुख नियुक्त किए जाते हैं। डिजिटल युग में, पार्टी अब एसएमएस के बजाय सोशल मीडिया, प्रत्यक्ष जनसंपर्क और लाभार्थी संवाद पर ध्यान केंद्रित कर रही है।


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते जिलाअध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अन्य।

जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने कहा कि भाजपा डिजिटल तकनीक का उपयोग कर सोशल मीडिया, नमो ऐप और सरल ऐप के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व राष्ट्रवादी विचारों का प्रसार कर रही है। वर्ग प्रभारी डॉ रमाकांत शर्मा, वर्ग प्रमुख कृपा नारायण तिवारी, व्यवस्था प्रमुख व महामंत्री सतेन्द्र राजपूत, जिला महामंत्री हरनाथ कुशवाहा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीता गुप्ता, वर्ग नियंत्रक संजीव भदौरिया, अभिषेक मिश्रा, विरला शाक्य अशोक चौबे, अनूप जाटव, अमित तिवारी, आयुष राज, संजू बाबू शाक्य, मधु तोमर, एडवोकेट प्रीति दुबे, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य और शिक्षिका को दी भावभीनी विदाई

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा स्थित श्री आदर्श इंटर कालेज प्रधानाचार्य सुशील कुमार तिवारी और उच्च प्राथमिक विद्यालय दलीपपुर कम्पोजिट इन्चार्ज इस्नो देवी राजपूत के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। कंपोजिट विद्यालय स्टाफ और छात्रों ने उनका माल्यार्पण किया। इंजार्ज इसनो देवी को चांदी का मुकुट पहनाकर स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनके योगदान को सराहा । भावुक विदाई समारोह में शिक्षकों , अभिभावकों ने उनके कार्य व मार्गदर्शन को याद किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक सीमा पोरवाल, आशीष गुप्ता, सर्वत्र बोरबलिक देवेन्द्र प्रताप नवीन पोरवाल रामसरोवर नंदना, अन्नपूर्णा, पुष्पलता विशाल आलोक कुमार एवं सुबोध कुमार आदि शिक्षकों ने विचार व्यक्त किए।

## दो गुटों में हुए संघर्ष में एक आरोपी गिरफ्तार

**अयाना, औरैया।** खेत में बकरियां जाने को लेकर शनिवार देर शाम को पाकर का पुरवा व फरिहा गांव के लोग आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, इसमें दोनों पक्षों से करीब 15 लोग घायल हो गए थे। रविवार देर शाम को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अयाना थानाध्यक्ष जय प्रकाश पाल ने बताया कि रविवार देर शाम को फरिहा गांव में दबिश देकर आरोपी निहाल सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों गांवों के बीच हुए विवाद में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। दोनों गांव के बीच दोबारा तनाव की स्थिति न बने इसके लिए दोनों गांवों के बीच में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बिधूना, औरैया।** सोमवार को उच्च प्राथमिक कक्षा में विद्यालय विधूना में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा, खण्ड शिक्षा अधिकारी अलकेश कुमार सकलेचा, सभासद सतेन्द्र यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक बृजमोहन सिंह एवं पूर्व प्रधानाध्यापक यशीराम वर्मा आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया ।नगर पंचायत अध्यक्ष आदर्श मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।इस अवसर पर सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत के पश्चात वैज अलंकरण माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर आये हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं त्रतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।

# बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

### घटना जनेतपुर नेशनल हाईवे किनारे तिंकू दा ढाबा के सामने हुई

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना जनेतपुर नेशनल हाईवे किनारे तिंकू दा ढाबा के सामने हुई, जहां एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी।

पुलिस के अनुसार घटना की सूचना रात करीब 9 बजे मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल 50 शैय्या जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नारायणपुर निवासी इसरार उर्फ हैनी (लगभग 50 वर्ष), पुत्र मोहम्मद सफी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इसरार हाईवे किनारे बाजार में बड़ी गाड़ियों में


अस्पताल में मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

ग्रीसिंग का काम करते थे। रविवार रात वह पैदल जा रहे थे, तभी इटावा से कानपुर की ओर जा रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन अस्पताल में बिलखते नजर आए। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आरोपी वाहन चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर माकार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला पथ संचलन

**फफूंद, औरैया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार की शाम को नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ महावीर धाम से हुआ। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। ढोल- नगाड़ों की थाप के बीच भारत माता का जयघोष किया। वहीं, स्वयंसेवक कदमताल करते हुए महावीर धाम से ख्यालीदास तिराह,चमनगंज तिराह, गोविंद गंज, अछल्दा चौराह, मोतीपुर, मुरादगंज तिराह, कायस्थान होते हुए वापस महावीर धाम पहुंची। मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रचारक अनूप जी, प्रेम कुमार गुप्ता, सह विभाग प्रमुख अखिलेश कटियार, मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे, जिला प्रतिनिधि रानू अग्निहोत्री, मानवेंद्र पोरवाल, विनीत तिवारी, योगेश त्रिपाठी, उत्सुक सोनी, पूर्व सभासद प्रबल शर्मा सहित सैकड़ों स्वय सेवी मौजूद रहे।

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** रैपिड ग्लोबल स्कूल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने अभिवाभकों का पुष्प भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। संगोष्ठी में कक्षा-3 से कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

कक्षा- 3 में काव्या 97.67ः (प्रथम), वर्तिका गुप्ता, एलिजा सेंगर 97.5ः (द्वितीय), अभय 97.08ः (तृतीय) कक्षा- 4 में चिन्मय वर्मा 97.92ः (प्रथम), उत्कर्ष चौहान 97.58ः (द्वितीय), रामजी 97.42ः (तृतीय), कक्षा-5 में अध्ययन पाण्डेय 99.21ः (प्रथम), अविका सिंह 98.86ः (द्वितीय), आराध्या 98.79ः (तृतीय), कक्षा- 6 में अहान 98.36ः (प्रथम), शौर्य शाक्य, आकर्षणा गुप्ता 98.21ः (द्वितीय), नव्या 96.93ः (तृतीय), कक्षा-7 में आकाश कुमार तिवारी 99.14ः


छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

(प्रथम), अक्षिता द्विवेदी 97.09ः (द्वितीय), अनुष्का 96.64ः (तृतीय), कक्षा- 8 में अनुराग सिंह 98.57ः (प्रथम), तनिश दुबे 96.43ः (द्वितीय), आयुष पाल 95.86ः (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के एक्जू. डायरेक्टर अनुपम प्रताप सिंह भदौरिया ने रैपिड ग्लोबल स्कूल के सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों के बौद्धिक विकास की मजबूती कराना ही विद्यालय का लक्ष्य है। उन्होंने विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास के लिए अध्यापकों की सराहना करते हुए बधाई दी। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत दीक्षित ने सभी अभिभावको से कहा कि किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक शिक्षा का भी महत्व है जो कि अभिभावक द्वारा ही प्राप्त होती है और साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में किए जाने वाले बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखा जाए यदि दिया भी जाए तो यह ध्यान रहे कि वह उनकी निगरानी में ही रहे।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 42 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार, रविवार की रात गश्त व चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक राममगन सिंह व हमराह पुलिस टीम ने किरकिचियापुर मोड़ से करीब 100 मीटर की दूरी पर 26 वर्षीय छोटे उर्फ नीरज पुत्र प्रभुदयाल निवासी कलाबोझ को गिरफ्तार किया।

उसके पास से एक थैले में 22 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी क्रम में, कांस्टेबल प्रेमवीर सिंह व कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह ने शंकरपुर मोड़ पर चेकिंग के दौरान 42 वर्षीय रामकिशोर पुत्र प्रभुदयाल निवासी कलाबोझ को गिरफ्तार किया। उसके पास से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 603 नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 603 नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर 192 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 27 मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में किया गया, जहां योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार से संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम में सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया सहित बड़ी संख्या में नव नियुक्त सहायिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, मुख्य सेविकाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधायक गुड़िया कठेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं घर के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी पूरी दक्षता और जिम्मेदारी के साथ



कार्यक्रम के दौरान मौजूद सदर विधायक, डीएम व अन्य। अमृत विचार

अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। उन्होंने सभी नव चयनित सहायिकाओं को शुभकामनाएं दीं।

जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया शासन के निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद में 728 रिक्त पदों के लिए 11 नवंबर 2025 को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें कुल 2746 आवेदन प्राप्त हुए। चयन समिति द्वारा 603 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई। विकासखंडवार चयन में ऐरवाकटरा में 53, अजीतमल में 74, अछल्दा में 68, सहार में 98, औरैया ग्रामीण में 76, भाग्यनगर में 104, बिधूना में 113 तथा औरैया नगर में 17 सहायिकाओं का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि 125 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों के आवेदन न मिलने के कारण चयन नहीं हो सका। इसके अलावा वर्ष 2025-26 में चयनित 192 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं जनपद में कार्यरत 27 मुख्य सेविकाओं को डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्मार्टफोन वितरित किए गए।

## भागवत कथा के संपन्न होने पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**फफूंद, औरैया।** भाग्यनगर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर चल रही 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को विधि-विधान से समापन हो गया।

समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन से बाद शनिवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें आचार्य अंकुश जी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत क्षेत्र व आसपास स्थित मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा कस्बे की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई ।इसके बाद कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका और पंडाल में भक्ति से ओत-प्रोत माहौल बना रहा।


गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

# गौशालाओं में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देश पर सदर उपजिलाधिकारी अजय आनन्द वर्मा ने क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम मिर्जापुर, दयालपुर तथा आवास विकास कॉलोनी स्थित गौशालाओं का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निउपजिलाधिकारी ने पशुओं के लिए चारा, पानी और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने गौशाला संचालकों को निर्देश दिए कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त हरा चारा, शेड में छाया और उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने गौशालाओं में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि पशुओं में बीमारियों का प्रसार रोका जा सके। साथ ही बीमार पशुओं के लिए नियमित पशु चिकित्सकीय जांच और आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जिम्मेदारों को शासन की मंशा के अनुरूप गौशालाओं का संचालन करते हुए पशुओं की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# खाद्य सुरक्षा के प्रति लोगों को करें जागरूक

संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में किसी भी प्रकार की मिलावट खोरी न होने पाये। मिलावट खोरों को चिन्हित करते हुए निगरानी रखी जाये। खाद्य सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम आम जनमानस एवं विद्यालयों में अनिवार्य रूप से आयोजित किये


बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

जाये। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि कोई भी ऑगनबाड़ी केन्द्र बिना खाद्य पंजीकरण के संचालित न होने पाये। ऑगनबाड़ी केन्द्रों को खाद्य पंजीकरण से आच्छादित करने की प्रक्रिया पूर्णतया निःशुल्क है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को न्यायालय में लम्बित वादों पर प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य, समेत कई लोग रहे।

# बचपन स्कूल में पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के दिबियापुर रोड स्थित बचपन स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कक्षा यूकेजी के छात्र आदर्श राजपूत ने पूरे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। कक्षा पीजी में एकांश राजपूत ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उन्नति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीजी बी वर्ग में छात्रा ईशा प्रथम, अमायरा द्वितीय तथा विजय प्रताप तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी में साक्षी ने प्रथम, धैर्य अवस्थी ने द्वितीय और अदनान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एलकेजी की अन्य श्रेणी में एक छात्रा ने द्वितीय तथा अंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा यूकेजी में शौर्य प्रताप सिंह प्रथम, हिमांशु द्वितीय और रिद्धि मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में लक्ष्य दुबे ने प्रथम, रितिक ने द्वितीय और अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय में आर्यन प्रथम, प्रबल प्रताप द्वितीय और नीलेश तृतीय स्थान पर रहे। अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार दीक्षित ने अभिभावको व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है।

विद्यालय का प्रधानाचार्य एस कुमार द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ।



बच्चों को प्रमाण पत्र देते प्रबंधक। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव | छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किये शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

# वीणा वादिनी शिशु मंदिर में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित वीणा वादिनी शिशु मंदिर विद्यालय में धूमधाम से द्वितीय वार्षिकोत्सव मनाया गया।

कस्बे के दिबियापुर रोड स्थित वीणा वादिनी शिशु मंदिर विद्यालय के द्वितीय वार्षिकोत्सव का संयुक्त रूप से विद्यालय संस्थापक व शिक्षाविद राजेन्द्र बाबू मिश्र, निदेशक दिव्यांश मिश्रा व प्रधानाचार्या अनुपम मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक शैक्षिक व राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देख कर दर्शकों ने सराहना की। छात्र-छात्राओं ने अपने अभिनय का उत्कृष्ट प्रदर्शन


वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

करते हुए दहेज प्रथा, राष्ट्रीय एकता, अंधविश्वास, नशापन आदि पर तमाम शैक्षिक नाटक व गीत प्रस्तुत किये। इस दौरान पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत व जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने छात्र छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की व उन्हें मन लगाकर पढ़ने की सीख दी। इस मौके पर वार्षिकोत्सव में राघव मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर, मानवेन्द्र सिंह पूर्व आईएएस,अनिल गुप्ता पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रमेश गुप्ता, अजय पाठक,रामू तिवारी,ऋषि पांडे, मुकेश दिवाकर, पवन सिंह, रवि पाल, शीलू कुशवाहा,अनुराग ठाकुर डॉ राम गोविंद, राम सिंह पाल, ऋषभ तिवारी,अजय मिश्रा, मान्यता प्राप्त पत्रकार शिव प्रताप सिंह व अरुण

- कार्यक्रम में पंहुचे पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत व जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे

बाजपेई, हिमांशु गुप्ता, मनोज दुबे, संजय सेंगर उर्फ़ जुबली, आरिफ खान, घनश्याम सिंह, संतोष पाण्डे, शिवम गुप्ता, टोनी सिन्हा,घनश्याम चौबे , थानाध्यक्ष बेला गंगादास गौतम आदि तमाम सम्भ्रांतजन व जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत संस्कृत कार्यक्रमों की प्रशंसा की व उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक दिव्यांश मिश्रा ने पूर्व राज्य मंत्री लखन सिंह राजपूत व जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद राजेन्द्र बाबू मिश्रा ने संचालन जेपी त्रिवेदी ने किया।

## मां काली मंदिर से लाखों की चोरी

**रुरुगंज (औरैया)।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी अंतर्गत कस्बा रुरुगंज में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने मां काली माता के मंदिर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दानपात्र से करीब 90 हजार रुपये नकद, माता रानी के गले की दो मालाएं तथा मंदिर में लगे लगभग 50 किलो वजनी घंटे और घंटियां चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी उस समय हुई जब देर रात खेत की रखवाली कर लौट रहे किसान महेश और छंगे ने मंदिर का गेट खुला देखा। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने तत्काल मंदिर के पुजारी कपिल भगत को सूचना दी। पुजारी मौके पर पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो दानपात्र खाली था, माता रानी की प्रतिमा से मालाएं गायब थीं और मंदिर में लगे घंटे व घंटियां भी चोरी हो चुके थे। चोरी की सूचना मिलते ही लोग मौके पर जुट गए।

# भगवती जागरण में सुनाए भक्ति गीत

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के गांव पसुआ में दसवीं के दिन शनिवार की रात को विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। इसके साथ ही विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया। रात भर चले मां भगवती जागरण में भारी संख्या में भक्त पहुंचे। सभी श्रद्धालु मां भगवती की भक्ति में लीन नजर आए।

इस दौरान उन्होंने भजन सुने, जिससे भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर देवी मां के भजनों पर भक्त झूमते नजर आये और समूचा पंडाल 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा। भक्त आनंद पाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और मां दुर्गा की ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद देर रात तक भजन संध्या चली, जिसमें एक से बढ़कर एक


अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

भक्ति गीत प्रस्तुत किए।

कलाकारों ने जय अम्बे गौरी, मैया तेरे दरबार में और सुन ले पुकारा मेरी मैया जैसे गीतों पर भक्ति रस बिखेरा, जिन पर श्रद्धालु झूमने लगे। जागरण का मुख्य आकर्षण मनमोहक झांकियां रहीं, जिनमें मां दुर्गा के नौ रूपों, भगवान शिव, हनुमान जी, राधा-कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की जीवंत प्रस्तुतियां दिखाई गईं। आकर्षक लाइटिंग और साउंड सिस्टम से पूरा पंडाल जगमगा उठा। इन झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों ने कहा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक सद्भाव और आस्था को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर आनंद पाल सिंह, अजयपाल सिंह सेंगर, हरनारायण सिंह, संतोष सिंह, शशिभूषण सिंह, कुंवर सिंह, अनुरुद्ध सेंगर, आशु सिंह सेंगर समेत भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम बक्छा निवासी होमगार्ड रंग बहादुर (55) व इंद्र बहादुर (50) सोमवार सुबह बाइक से थाना सिसोलर ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी बक्छा मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना सिसोलर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के दौरान इन्द्रबहादुर की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### दुकानदार पर मारपीट का लगाया आरोप

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के मनकीकला गांव निवासी महिला ने गाली गलौज कर मारपीट करने की तहरीर पुलिस चौकी हरौलीपुर में देकर कार्यवाही किए जाने की मांग पुलिस से की है। मनकीकला गांव निवासी महिला राधा पत्नी बृजभान ने पुलिस चौकी हरौलीपुर में तहरीर देकर बताया की 29 मार्च को अपनी पुत्री नैनशी को गांव स्थित मनोज की दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए भेजा था। तब दुकानदार शिवनारायण ने मेरी पुत्री से कहा कि बहुत ठंडा पीती हो। उसने लौट कर बात बताई तो मेरे पति उसकी दुकान में उलाहना देने गए तो उसने गाली गलौज करने के साथ पत्थर मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर मां बेटी बीच बचाव करने गई तो उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने चौकी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### अज्ञात कारणों के चलते दो दुकानों में लगी आग

**मुस्करा (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते मंडी के पास स्थित तीन भाइयों की दुकानों में भीषण आग लग गई। आग से लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान होना बताया गया है। दुकान मालिक नासिर ने बताया कि उनकी तथा उनके दो भाई इसरार व सिराज की दुकान जो मिस्त्री गिरी टायर एवं कबाड़ आदि की थी उनमें रविवार की रात अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। जिस पर दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पाया। नासिर का कहना है कि वह गरीब है कबाड़ की मिस्त्री गिरी की दुकान करके गुजर चलाते थे। आग लगने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आग में करीब तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से आर्थिक मदद देने की मांग की है।

### कवि व साहित्यकार मुन्नीलाल अवस्थी का निधन



मुन्नीलाल अवस्थी।

**बिवांर।** कस्बा निवासी कवि, साहित्यकार व सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के सत्तासी वर्षीय मुन्नीलाल अवस्थी शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होने के बाद करीब बीस साल से सुमेरपुर कस्बे में ही रहकर सामाजिक कार्यों में हिस्सेदारी निभाते थे। वह सामाजिक कार्यों, कवि सम्मेलन में अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रविवार की रात हार्ट अटैक पड़ा। परिजन आनन फानन कानपुर कार्डियोलॉजी में ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को भाजपा के कार्यकर्ता, शिक्षकों सहित सैकड़ों लोगों ने अंतिम विदाई दी।

# गेहूं खरीद के लिए आवंटित नीलामी चबूतरा में व्यापारियों का माल डंप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में गेहूं खरीद केंद्रों के लिए नीलामी चबूतरा संख्या चार आवंटित किया गया है। लेकिन पूरे चबूतरे में व्यापारियों का माल डंप होने से गेहूं खरीद के लिए जगह नहीं है। मंडी सचिव का तर्क है कि अभी केंद्र खोलने के लिए जगह दी गई है। जरूरत पड़ने पर इसको खाली कराया जाएगा।



आवंटित नीलामी चबूतरा में डंप व्यापारियों का माल। अमृत विचार



गेहूं खरीद केंद्र में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

गेहूं खरीद के लिए प्रति वर्ष नवीन गल्ला मंडी की ओर से नीलामी चबूतरा चार केंद्रों को आवंटित किया जाता है। इसी चबूतरे में क्रय करने वाली एजेंसी खरीद करती हैं। इस वर्ष विपणन शाखा, क्रय विक्रय सहकारी समिति के तीन केंद्र खुले हैं। क्रय विक्रय सहकारी समिति को जो जगह मिली है वहां व्यापारियों का माल डंप है। किसी तरह की खरीद के लिए जगह नहीं है। विपणन शाखा के केंद्र के पास कुछ जगह है जबकि दूसरे केंद्र में जगह का अभाव है। विपणन शाखा प्रथम के प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि नीलामी चबूतरा में व्यापारियों का माल डंप हैं साफ सफाई का अभाव है। व्यापारियों का माल हट जाए तो दवा आदि का छिड़काव कराकर खरीद की तैयारी की जाए। लेकिन इस ओर मंडी सचिव का ध्यान ही नहीं है। क्रय विक्रय सहकारी समिति के प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें जहां जगह दी गई है वहां पर खरीद करने के लिए कोई जगह नहीं है। व्यापारियों ने माल डंप कर रखा है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम का तर्क है कि केंद्रों के लिए जगह का कोई निर्धारण नहीं किया जाता है आवश्यकतानुसार जगह कर दी जाती है। अभी खरीद नहीं शुरू हुई है। जब खरीद शुरू होगी तब जगह भी मुहैया करा देंगे। व्यापारियों से माल हटाने को कहा गया है।

### नीलामी चबूतरा खाली न कराने पर मंडी सचिव को भेजा था जेल

वर्ष 2012-13 में तत्कालीन जिलाधिकारी बी चंद्रकला ने गेहूं खरीद के लिए समय रहते नीलामी चबूतरा नहीं खाली करा पाने पर मंडी सचिव श्याम लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया था। इसके बाद रात भर में चबूतरा खाली हो गया था। प्रशासन के स्पष्ट निर्देश है कि गेहूं खरीद केंद्रों में छाया, पानी आदि के पुख्ता इंतजाम कराया जाए। नीलामी चबूतरा में व्यापारियों का माल जाम होने से यहां किसानों को बैठने तक की जगह नहीं है। चबूतरा कब खाली होगा मंडी सचिव संतोषजनक जवाब नहीं दे सके हैं।

### गेहूं खरीद के पहले दिन केंद्रों में पसरा रहा सन्नाटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा खोले गए गेहूं खरीद केंद्रों में पहले दिन एक भी किसान अपनी उपज लेकर केन्द्रों में नहीं पहुंचे। केंद्र प्रभारी दिन भर किसानों के आने का इंतजार करते रहे। वही किसानों के न आने से केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय मंडी समिति में दो केंद्र विपणन शाखा कुरारा ए और कुरारा व साधन सहकारी समिति कुसमरा, कुरारा साधन सहकारी समिति तथा ग्रामीण क्षेत्र में शेखूपुर गेहूं खरीद केंद्र खोले गए हैं। जिससे किसान अपनी उपज लेकर केन्द्रों में जाकर तौल करवा सके। विपणन शाखा कुरारा ए के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि किसानों के रजिस्ट्रेशन न हो पाने से एक भी किसान गेहूं लेकर नहीं आ पा रहा है। कुसौली पुरवा गांव के किसान अनिल यादव ने बताया कि ऑनलाइन आज ही कराया है। सत्यापन होने के बाद गेहूं की तौल कराएंगे।

### कस्बे का ऐतिहासिक जवारा जुलूस मेला एक अप्रैल को

**मुस्करा (हमीरपुर)।** कस्बे का ऐतिहासिक जवारा जुलूस आगामी एक अप्रैल बुधवार को निकलेगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। जवारा जुलूस को लेकर देर शाम चार बजे से देर रात तक इस रूट से निकलने वाहनों का डायवर्ट कर दूसरे रूटों पर निकलने दिया जाएगा।

प्रति वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह ऐतिहासिक जवारा जुलूस गांव के छह थोक बसवारी रोड तथा कछवात मोहल्ले से दो शाखाओं में निकलना प्रारंभ होता है। जो बिश्नोई पटी से होकर अथाई में दोनों शाखाएं एकत्र होकर जुलूस आगे बढ़ता है। यह जुलूस पुरवा मोहल्ले, पंचायत घर, चारथोक, बड़ा दीवाला से होकर गुदरिया बाबा मेला मैदान और डाकखाना मस्जिद से होकर बस स्टॉप के पास कालका देवी मंदिर में समाप्त होता है।

# कुत्तों ने दौड़ाया, बाइक खंभे से टकराई, युवक की मौत

## आवारा कुत्तों का फिर सामने आया आतंक, हैदरगंज निवासी था युवक

संवाददाता मौदहा, (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। हैदरगंज निवासी 17 वर्षीय युवक की देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक को आवारा कुत्तों ने खदेड़ लिया, जिससे घबराकर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बिजली के खंभे से टकरा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रविवार देर रात सैफ अली कस्बे के बड़े चौराहे से बाइक से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह उपरौस मोहल्ले के पास पहुंचा। तभी रास्ते में मौजूद आवारा कुत्तों ने उसे दौड़ा लिया। जिससे सैफ अली घबराकर बाइक को तेजी से बढ़ा दी। जिससे युवक बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए।

लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक के पिता रहमत अली ने बताया कि सैफ अली तीन बहनों में इकलौता भाई था और सबसे बड़ा था। जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में घटना का कारण स्पष्ट हो गया है। परिजनों की इच्छा के अनुसार पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### नीलगाय से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** उरई मार्ग पर अमगांव मोड़ के पास नीलगाय से टकराकर तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया। कार में सवार एक युवक घायल हो गया। जिसे झांसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के अलकछवा गांव निवासी मदन गोपाल (52) पुत्र दुर्जन बीती रात कार से अपने घर जा रहे थे। राठ उरई मार्ग पर अमगांव मोड़ के पास अचाने से एक नीलगाय कार से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार मदन गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया। नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। झांसी ले जाते समय रास्ते में मदन गोपाल की मौत हो गई। कार चालक हरेंद्र ने बताया कि नीलगाय के टकराने से यह सड़क दुर्घटना हुई है। मदन गोपाल की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। मृतक अपने पीछे पत्नी अनसूया के अलावा पुत्र जयदेव और सहदेव सहित पुत्री आशा और पूनम को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# 12 आंगनबाड़ी व 23 सहायिकाओं को दिए नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में राठ विधायक मनीषा अनुरागी व जिलाधिकारी घनश्याम मीना की उपस्थिति में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की नव चयनित 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 23 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।




आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन देते विधायक व डीएम। अमृत विचार

वहीं 38 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 16 मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। साथ ही नवनिर्मित 06 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रादेशिक स्तर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इस मौके पर विधायक राठ ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और कहा कि आप सभी समाज की आधारशिला हैं। देश के भविष्य की नींव मजबूत करने का काम आपके हांथों में हैं। कुपोषण को लेकर हमारी सरकार सजग है और इसे खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आप सभी पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करें, उसमें किसी भी प्रकार की समस्या आए तो हमें अवगत कराएं। आपकी हर संभव मदद की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी इन्द्रपाल सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अमित सोनकर, सूचना अधिकारी सतीश कुमार, सीडीपीओ राठ प्रीति भिलवारे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा नवचनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहे।

### आस्था और श्रद्धा के साथ निकाला गया जवारा जुलूस

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के बेरी गांव में पारंपरिक आस्था और श्रद्धा के साथ जवारों का विसर्जन जुलूस धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान गांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जुलूस में महिलाएं सिर पर जवारे लेकर भक्ति गीत गाती हुई चल रही थीं। वहीं पुरुष और युवा भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच पूरा गांव आस्था में सराबोर नजर आया। ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सतर्क रहा। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



बेरी गांव में जवारा जुलूस निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

# शिशु वाटिका की परीक्षाओं का परिणाम किया घोषित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के शिशु वाटिका की गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि शिशु वाटिका में कुल पंजीकृत छात्र 163 में 163 उत्तीर्ण रहे।

परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सम्पूर्ण शिशु वाटिका में यूकेजी की छात्रा अनन्या सिंह 100 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। पीजी में कृशिका सिंह प्रथम, एलकेजी ए में प्रज्ञम पाण्डेय, एलकेजी बी में हिरुध्या, यूकेजी ए अनन्या सिंह, यूकेजी बी में कृष्णम सिंह, प्रथम में अयांश यादव, द्वितीय में श्वेता सिंह, तृतीय में आरव, चतुर्थ में अमाया ओमर प्रथम स्थान पर रहे। वहीं संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 93/100 लाकर चतुर्थ की आराध्या सर्वोच्च स्थान पर रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदादीन यादव (पूर्व प्रधानाचार्य) ने कहा कि परीक्षाफल देखकर उत्साहित हैं। हमें अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें तथा आपको अपने जीवन मे क्षण क्षण पर परीक्षा से गुजरना होगा। इस मौके पर संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया, वेद प्रकाश शुक्ला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। कु.अदिति ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार प्रदर्शन परीक्षा प्रमुख आचार्य हेमन्त कुमार ने किया।

# कर्मचारी ही बन रहे पर्यावरण के दुश्मन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में नगर पालिका परिषद की लापरवाही का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नगर पालिका के ही कर्मचारी बस स्टैंड के पास मेन रोड किनारे इकट्ठा किए गए कूड़े को जलाते हुए नजर आ रहे हैं।

गौरतलब हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्पष्ट निर्देश हैं कि कूड़े को खुले में जलाना अपराध है। इससे वायु प्रदूषण तो फैलता ही है, साथ ही आग लगने और जहरीली गैसों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। ताज्जुब की बात यह है कि नगर पालिका द्वारा हर वार्ड में कूड़ा इकट्ठा करने के लिए कूड़ा गाड़ी और ट्रैक्टर भेजे जाते हैं। इसके



बस स्टैंड के पास कूड़े को जलाता कर्मी।

- **बस स्टैंड पर कूड़ा जलाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल**

बावजूद कर्मचारी मेन रोड किनारे ही कूड़ा जमा कर उसे जला रहे हैं। यह न केवल लापरवाही है, बल्कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ भी है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक कर्मचारी कूड़े के ढेर में आग लगा रहा है और धुआं चारों तरफ फैल रहा है। बस स्टैंड एक व्यस्त इलाका है, जहां हर समय यात्रियों और वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इस तरह से कूड़ा जलाना दुर्घटनाओं को न्योता दे सकता है और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका की इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से इस संबंध में बात करने पर बताया कि इसकी जांच कर ही बताया जा सकता कि आग सफाई कर्मचारी लगा रहा है या आम आदमी, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील रोड पर खंभे में शॉर्ट सर्किट से आग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के तहसील रोड पर सोमवार सुबह एक बिजली के खंभे में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। सोमवार को सुबह तड़के 5 बजे तहसील रोड किनारे लगे बिजली के खंभे से अचानक चिंगारियां उठने लगीं और देखते ही देखते आग लग गई। बिजली के तारों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने आग लगती देख तुरंत इसकी सूचना डायल 112 और दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह से बुझाया।



खंभे में जलती केबल।

**परीक्षा परिणाम** | क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल और सरस्वती बाल मंदिर में हुआ परीक्षाफल वितरण

# परीक्षा परिणाम पाकर मेधावियों के खिल उठे चेहरे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के विभिन्न स्कूलों में वितरित हुए परीक्षाफल पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। सोमवार को कस्बे के उरई रोड़ स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में परीक्षाफल का वितरण हुआ। इसी तरह से कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में बच्चों को परीक्षा फल वितरित किए गए।

क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के संस्थापक मैनेजर एस धनबालन और रामेश्वर दयाल ने बच्चों को उनका रिपोर्ट कार्ड सौंपा। बच्चें अपना रिपोर्ट कार्ड गदगद नजर आए। इस दौरान क्लास में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर




क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करते एस धनबालन। अमृत विचार




सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में बच्चों को सम्मानित करते एसडीएम अभिमन्यु कुमार।

सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे। इसी तरह से सरस्वती बाल मंदिर में मुख्य अतिथि एसडीएम अभिमन्यु कुमार, विशिष्ट अतिथि सीओ राजीव प्रताप सिंह, प्रबंधक केजी अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. हरिओम नगाइच, कोषाध्यक्ष प्रमोद तोमर ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले मेधावियों को परीक्षाफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रमोद सिंह गौर, मैयादीन सोनी, मीडिया प्रभारी राजेंद्र कुमार आदि लोग रहे। संचालन सर्वेश अग्रवाल ने किया।

# एसडीएम व पेशकार के स्थानांतरण तक न्यायिक कार्य नहीं करेंगे वकील

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पेशकार द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत उपजिलाधिकारी से करने पर भी एसडीएम द्वारा पेशकार का पक्ष लेने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम व पेशकार के स्थानांतरण की मांग को लेकर न्यायिक कार्यों से विरत रहने का बात कही है।

सीनियर अधिवक्ता बरदानी प्रसाद एसडीएम कार्यालय किसी काम से गए थे। आरोप है कि यहां उनके पेशकार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई। जिसकी जानकारी उन्होंने एसडीएम को देते हुए पेशकार को हिदायत देने की मांग की थी। आरोप है कि एसडीएम ने पेशकार का पक्ष लेते हुए अधिवक्ता से नाराज होकर स्वयं भी अभद्र व्यवहार करने लगे। यह जानकारी जैसे ही तहसील परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं को हुई तो बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित तमाम अधिवक्तागण एसडीएम कार्यालय पहुंचे व अभद्र व्यवहार का विरोध जताते हुए बातचीत करनी चाही। लेकिन एसडीएम के आक्रामक तेवरों ने तमाम अधिवक्ताओं को उल्टे पैर वापस होने के लिए विवश कर दिया। फलस्वरूप बार एसोसिएशन की आपात बैठक कर अध्यक्ष शिवलाल पाल ने निर्णय लिया कि उपजिलाधिकारी और पेशकार के स्थानांतरण होने तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। इस दौरान महामंत्री विवेक कुमार व पूर्व अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी रहे।


**सूचना**

मेरी फर्म चंद्रा आटोमोबाइल नहर बाई पास फरसौलियाना, राठ के फार्म 38 वास्तव में गुम हो गए हैं। जो निम्नवत है–

| | दिनांक | फार्म संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 03.05.2016 | EE 1681891 |
| 2. | 16.06.2016 | EE 1681932 |
| 3. | 16.06.2016 | EE 1681933 |
| 4. | 02.09.2016 | EE 3833121 |
| 5. | 02.09.2016 | EE 3833122 |
| 6. | 02.09.2016 | EE 3833123 |
| 7. | 13.10.2016 | EE 3833203 |
| 8. | 13.10.2016 | EE 3833204 |
| 9. | 13.10.2016 | EE 3822205 |
| 10. | 23.10.2017 | EE 3833318 |
| 11. | 23.03.2017 | EE 3833319 |

जिस किसी व्यक्ति को भी मिले मोबाइल नंबर 8127717528 पर सूचना देने की कृपा करें।

प्रोपाइटर
ब्रजेश कुमार गुप्ता

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026
महोबा-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### तमंचा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने तमंचा व कारतूस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित की गई पुलिस टीम के उपनिरीक्षक हार्दिक सिंह, उपनिरीक्षक पवन गौड़, कांस्टेबिल रामकुमार, इन्द्रपाल चौहान ने क्षेत्र में वाहन चेकिंग दौरान 12 बोर तमंचा व कारतूस सहित पवन (22) पुत्र लकचन्द्र, निवासी ग्राम किल्हौवा पनवाड़ी व मृगेन्द्र राजपूत (23) पुत्र गुलाब सिंह राजपूत निवासी ग्राम खडाकर थाना राठ जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### दो परिवारों के विवाद को आसपी सहमति से कराया खत्म

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला ने की। केंद्र में पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए आए नौ मामलों में टीम ने दो परिवारों के बीच के मदभेद को खत्म कर उनकी लौटी खुशियां वापस लौटाई। परिवार परामर्श केन्द्र की में आयोजित कार्यक्रम पारस्परिक पारिवारिक विवाद से संबन्धित पति-पत्नी के 9 ऐसे जोड़े आए, जिनकी गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया और दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया और काउंसिलिंग के परिणाम स्वरूप एक दंपत्ति पुन: आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुन: काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। परामर्श कार्यक्रम दौरान महिला कांस्टेबिल अनुप्रिया, आरती यादव, किरन के अलावा काउंसलर नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्य शामिल रहे।

### सदर विधायक ने उत्सव भवन का किया भूमि पूजन

**महोबा।** ब्लाक कबरई क्षेत्र के कस्बा खन्ना में उत्सव भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने किया। प्रदेश सरकार की वित्तीय स्वीकृति से इस परियोजना का यह भवन कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के समीप कराया जा रहा। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है और ऐसी योजनाओं के माध्यम से आमजन को सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि उत्सव भवन के निर्माण के लिए शासन लगभग 1 करोड़ 41 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सुलभ और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना है। शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष आकाशदीप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सहित बड़ी संख्या में कस्बे के लोग मौजूद रहे।

# 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 43 सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। नवनियुक्ति पांच आंनगबाड़ी कार्यकर्ताओं व 43 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर लखनऊ में मुख्यमंत्री के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के स्मार्टफोन वितरण व ग्रोथ मानिटरिंग डिवाइस वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।


आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र देतीं डीएम। अमृत विचार

विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्ति पांच आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व विकासखंड चरखारी की 43 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये है साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केंट आरओ सिस्टम उपलब्ध कराया गया। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों के प्रयोग के लिए ईसीसीई किट के अन्तर्गत टेबल व चेयर व मेट उपलब्ध करायी गयी। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश के साथ साथ जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों को तेजी से आधुनिक बनाया जा रहा है जिससे वहां काम करने वाली कार्यकर्ता भी नए युग से जुड़कर अपने कार्य को अंजाम देगे।

- विकास भवन सभागार में दिखाया सीएम का कार्यक्रम

इस मौके पर विकास भवन सभागार में लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द मानदेय वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में एक और बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें औपचारिक रूप से मानदेय बढ़ाने की घोषणा की जाएगी। यह घोषणा प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है, जो लंबे समय से अपने मानदेय में वृद्धि की मांग कर रही थीं। कार्यक्रम दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं मौजूद रहीं।

# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**महोबा।** संजरी इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

विद्यालय हाल में सभी कक्षाओं की क्लास टीचर्स अलग अलग बैठे नजर आए, जिन्होंने कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों और उसके अभिभावकों को एक एक कर बुलाते हुए स्टूडेंट के शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा की। इस मौके पर बच्चों के अलावा उसके अभिभावकों से विद्यालय परिसर गुलजार रहा। पीटीएम बैठक के दौरान सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटर मनतशा, धनिष्ता, सताक्षी, सोनिया आदि रहीं।


छात्र को सम्मानित करतीं शिक्षक।

# क्रॉप कटिंग में एक हेक्टेयर में 31.92 क्विंटल हुई उपज

## करहराकला गांव में एसडीएम की मौजूदगी में टीम ने की क्रॉप कटिंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एसडीएम शिवध्यान पांडेय की मौजूदगी में टीम ने विकासखंड कबरई की ग्राम पंचायत करहराकला के खेत पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सीसीई एग्री एप के माध्यम से गेहूं फसल की क्रॉप कटिंग कराई। टीम द्वारा की गई क्रॉप कटिंग में 13.820 किग्रा. उपज जबकि प्रति हेक्टेयर 31.92 क्विंटल फसल प्राप्त हुई।

उपजिलाधिकारी टीम के साथ ग्राम पंचायत करहराकला के गाटा संख्या 2 में पहुंचे और गेहूं की क्राप कटिंग कराई। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सीसीई एग्री एप के जरिए 43.3 वर्ग मीटर फसल की क्राप कटिंग कराई गई, जिससे 13.820 किग्रा. उपज हासिल हुई, जबकि प्रति हेक्टेयर 31.32 क्विंटल उपज प्राप्त हुई है। कहा कि गांवों में ही क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया जाता है और रेंडम संख्या के आधार पर ही क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया पूर्ण होती है, जिसके लिए पूर्व में ही खेत का चयन कर लिया जाता है।


खेत में क्रॉप कटिंग करती टीम। अमृत विचार

एसडीएम ने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक तहसील में गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए है, इसलिए किसान अपनी गेहूं की फसल को सरकारी खरीद केंद्रों ही बेंचे, जिससे उन्हें उचित लाभ भी प्राप्त होगा। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व निरीक्षक बिलबई संदीप कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल रश्मी, लालता प्रसाद यादव, अपर सांख्यिकीय अधिकारी भूलेख अनुभाग अखिलेन्द्र सिंह, बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि रवि सिंह के अलावा किसान रमेश कुमार सहित तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मार्गों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकरों स्लोप में सुधार के निर्देश

**महोबा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में महोबा छतरपुर मार्ग और एनएच, नगर पालिका और जिला पंचायतों आदि के मार्गों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकरों के स्लोप में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि महोबा छतरपुर मार्ग पर बनाये गये स्पीड ब्रेकरों के स्लोप में सुधारीकरण के अलावा उसमें पेन्ट का कार्य एनएचएआई छत्तरपुर जल्द से जल्द कराया जाए इसके साथ एनएचएआई किडारी फाटक के पास मार्ग की मरम्मत भी सुनिश्चित करें। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, एनएच, नगर पालिका, जिला पंचायत सभी विभाग अपने अपने मार्गों के स्पीड ब्रेकरों में मार्किंग का कार्य पूर्ण करें। एडीएम ने एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि परिवर्तन की कार्रवाई में वृद्धि लाई जाए साथ ही बिना हैलमेट और तीन सवारी बाइक चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जाये।

# खरीफ फसल का बीमा क्लेम दिलाने को एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जय जवान जय किसान एसोसिएशन किसानों की समस्याओं को शासन प्रशासन के समक्ष उठाता चला आ रहा है और भूख हड़ताल, धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर रहा। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बड़े पैमाने पर धांधली का मुद्दा उठाया था और अब फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 के लंबित क्लेम का शीघ्र भुगतान कराए जाने के संबंध में सोमवार को अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में जय जवान जय किसान एसो. के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के पीएम फसल बीमा के किसानों की एक गंभीर समस्या है। 2025 में किसानों ने खरीफ फसल का बीमा योजना के तहत कराया था, लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण जिले के अधिकांश किसानों की फसल बर्बाद हो गई और कई खेतों फसल की बुवाई असफल स्थिति उत्पन्न हो गई। योजना के नियमानुसार असफल बुवाई की सूचना के पश्चात एक माह के अंदर किसानों को बीमा क्लेम का भुगतान किया जाना था साथ ही जिस क्षेत्र में फसल क्षति का आकलन किया गया वहां किसानों को भी समयबद्ध रूप से भुगतान मिलना था।

- किसान नेताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

बताया कि योजना के नियमों को दरकिनार करते हुए बीमा कंपनी ने छह माह बीत जाने के बाद भी आज तक बड़ी संख्या में किसानों को फसल बीमा का भुगतान नहीं किया। इससे किसानों को आर्थिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में जिले के सभी लंबित बीमा क्लेमों की तत्काल जांच कराकर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराए जाने, बीमा कंपनियों और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाने, जिससे भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो साथ ही किसानों के क्लेम लंबित है उनकी सूची सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह, उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, सुरेश कुमार, सूरज प्रसाद, चंद्रभान, गौतम सिंह, महेंद्र कुमार, रामकुमार सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# अब उधार की बिजली नहीं जला सकेंगे उपभोक्ता

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** अब विद्युत उपभोक्ता उधार की बिजली का उपभोग नही कर पाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद नगर में प्रीपेड व्यवस्था लागू हो गई है जिससे बैलेंस ॠण में जाते ही आपूर्ति स्वतः बन्द हो जा रही है।

बीते वर्षों में अन्य विभागों के साथ विद्युत विभाग की व्यवस्थाओं में काफी बदलाव हुआ है। पहले इलेक्ट्रॉनिक मीटर लगाकर बिलिंग शुरू हुई, फिर गत वर्ष से नगर में स्मार्ट मीटर लगने की शुरुआत हुई थी। हालांकि अभी लगभग 6300 उपभोक्ताओं के मीटर ही बदले जा सके हैं। अभी भी लगभग तीन हजार मीटर बदले जाने है । विद्युत विभाग का 1 जनवरी से विद्युत बिल व्यवस्था प्रीपेड करने की थी लेकिन विभाग की तैयारी अधूरी होने के चलते आनलाईन बिलिंग होती रही थी। लेकिन गत 13 मार्च से विभाग ने नगर सीमा में प्रीपेड व्यवस्था लागू कर दी है, जिसके चलते बिल बकाया तथा बैलेंस ॠण में होने पर उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो जा रही है। आलम यह है कि गत दस दिनों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ताओं के घरों में अन्धेरा हो जा रहा है। आलम यह है कि बड़ी संख्या में उपभोक्ता आपूर्ति बहाल कराने के लिए उपखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों के पास उनकी समस्या का समाधान नहीं है।

वह तो महज उन्हें बकाया बिल जमा करने के साथ अतिरिक्त बैलेंस जमा करने की सलाह दे रहे हैं। उपखंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सचान के अनुसार आपूर्ति, बन्द होने पर उपभोक्ता विभाग की नई व्यवस्था में शामिल होते जा रहे हैं। अवर अभियन्ता सत्यप्रकाश के अनुसार प्रीपेड व्यवस्था से विभाग को वसूली से राहत मिली है। जल्दी ही शेष उपभोक्ताओं के घरो पर भी स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

# प्रत्येक बच्चे तक पहुंचे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भदवां स्थित प्राथमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की प्रगति की संबंध में चर्चा की गई।

न्यायपंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल में शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों की स्थिति, उपलब्धियों और समस्याओं को साझा किया। साथ ही बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, नामांकन बढ़ाने और पढ़ाई के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए। शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करें और कक्षा में नवाचार अपनाएं, जिससे बच्चों की रुचि पढ़ाई में बनी रहे। प्रधानाचार्य अखिलेश रजक ने विद्यालय में साफ-सफाई, समयबद्ध कक्षाएं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और सहायक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के की बात कही। एआरपी सतेंद्र मिश्रा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर लगातार सुधर रहा है, लेकिन फिर भी कई अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों की ओर भेज रहे हैं। यह स्थिति बदलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया गया। मेधावियों को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगत कुमार निरंजन, नीरज राजपूत, सुनीता देवी, इंद्रपाल सिंह, संदीप श्रीवास्तव, सीताशरण, वीरसिंह पाल, शिवकुमार राठौर, बलवान सिंह पाल, लोकेश, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन द्विवेदी, कांति देवी आदि मौजूद रहे।



शिक्षक को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

### बच्चों को दिए गए वार्षिक परीक्षा परिणाम

**जालौन।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज/सरस्वती शिशु वाटिका सदर बाजार कालपी में पीजी से लेकर नवम एवं एकादश के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ के महन्त श्री जमुनादास महाराज, मुख्य अतिथि मां वनखण्डी देवी विद्या पीठ के प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी व प्रबन्धक हरिभूषण सिंह चौहान व अध्यक्ष रमेश तिवारी ने मां शारदे के पट पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के पश्चात हुआ। यहां पर पीजी में शितिज प्रथम, स्वपनिल तिवारी द्वितीय व मुदिता तृतीय रहीं। इनके साथ ही अन्य मेधावी बच्चों को भी मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मनित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025 में कक्षा-10 एवं कक्षा-12 के टॉप 5 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम के लिए मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ के महंत श्री जमुनादास महाराज जी के द्वारा 11 सौ रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्य सोनाली सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय प्रमुख अर्जुन प्रसाद मौर्य, आचार्य रामबाबू, प्रखर मिश्रा, अर्पित सोनी, अंकुर मौर्य, श्यामबाबू अवस्थी आदि रहे।

### गेहूं की खरीद शुरू

**कालपी।** सोमवार से गेहूं खरीद केन्द्रों की शुरुआत हो गई । यहां पर 15 जून तक किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी।

वैसे तो प्रतिवर्ष 15 मार्च से गेहूं खरीद केंद्र शुरू हो जाते थे लेकिन इसबार कटाई की शुरुआत देर से शुरू होने पर इसकी शुरुआत 30 मार्च से हो रही है। हालांकि अभी भी मण्डी में गेहूं की आवक शुरू नहीं हुई है। लेकिन किसानों ने पंजीकरण कराना शुरू कर दिए है। एएमओ रुचिता प्रजापति के अनुसार मण्डी परिसर में विपणन शाखा के साथ पीसीएफ का केंद्र भी स्थापित हो गया है। केंद्रों पर किसानों के लिए पानी छाया आदि की भी व्यवस्था की गई है। उनके अनुसार इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि जिन्स साफ सुथरी हो। नमी युक्त न हो इसलिए फसल सूखने पर ही केन्द्र पर लाएं। पीसीएफ के प्रभारी धनीराम कुशवाहा के अनुसार केंद्र की व्यवस्था दुरुस्त है। अभी गेहूं की कटाई शुरू हुई है।

**मिशन शक्ति** | महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा को लेकर किया संवाद

# होटल, रेस्टोरेंट में अभियान के तहत की चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रदेश की महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए मिशन शक्ति के द्वितीन चरण के तहत जिले में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू ने टीम के साथ शहर क्षेत्र में आने वाले मॉल, होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय, ढाबों आदि में बच्चों से बालश्रम कराए जाने के बावत चेकिंग कर पूछताछ की। इस मौके पर टीम ने बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा से संबन्धित विषयों पर संवाद कर प्रेरित किया।

प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू अवधेश कुमार मिश्र ने उपनिरीक्षक फूलचन्द्र मिश्र, कांस्टेबिल आनन्द कुमार, महिला कांस्टेबिल कविता देवी आदि के साथ आरआरसी होटल, श्री कृष्णा भोजनालय, अवध होटल एंड रेस्टोरेंट सहित ढाबों, व अन्य सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अभियान के तहत सघन चेकिंग की। इस दौरान टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों, परिस्थितियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही आमजन को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर संवाद स्थापित कर उन्हें सजग रहने के लिए भी प्रेरित किया। पुलिस टीम ने लोगों को शासन की जारी आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के जागरूकता एवं चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।


होटल में चेकिंग के दौरान पूछताछ करती टीम। अमृत विचार

- आपतकालीन नंबरों के बारे में भी दी जानकारी

### छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र छात्राओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**महोबा।** वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हाल में छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया। जहां पर छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे या कर चुके छात्र छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

सभी वर्गों के पात्र छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से सभी के खातों में छात्रवृत्ति भेजी गई। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग की संचालित सभी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र अभ्यर्थी को प्रदान किया जा रहा है। वृद्धा और विधवा पेंशन योजना का लाभ महिलाओं के सीधे खाते में भेजी जा रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं को सीधा लाभ मिल सके।

# सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** केसीसी पब्लिक स्कूल चरखारी का धूमधाम के साथ वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर शामिल हुए, जिन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण और दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत कराई। स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य नाटक की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं ने शिक्षा के साथ साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने नृत्य संगीत की शानदार प्रस्तुति देते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रथम चरण में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों व द्वितीय चरण में अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और देश भक्ति नाटक की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।


एमएलसी का सम्मान करते आयोजक। अमृत विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर प्रबंधक ने मुख्य अतिथि को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक नितिन शुक्ला निकिता शुक्ला, गुड्डन शुक्ला युवराज सिंह सेंगर के अलावा विद्यालय स्टाफ सहित बडी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### होनहार बच्चों का किया गया सम्मान

चित्रकूट। कंपोजिट विद्यालय अमिलिहा में सोमवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया। छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, छोटेलाल त्रिपाठी, प्रधान जगमोहन, राजकिशोर त्रिपाठी, कमल कुमार विश्वकर्मा, जितेंद्र पटेल, पवन कुमार कुशवाहा, राजकुमार पटेल, गोरेलाल विश्वकर्मा, राममिलन यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, जयशंकर प्रजापति, रामदुलारे प्रजापति, रामविलास कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, रोहित रैकवार, सुनील पटेल, गंगा प्रसाद पटेल, कुलदीप प्रजापति, नसरीन, शिवानी, प्रदीप अवस्थी, मुन्नालाल, कमलाकांत शुक्ला रहे। संचालन बुद्धविलास पांडेय ने किया।

### पुलिस अधीक्षक ने गश्त कर दिया भरोसा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना सरधुआ क्षेत्र में पैदल गश्त कर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की और लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। बाद में उन्होंने थाने का निरीक्षण किया।

### एंटी रोमियो टीमों ने बताए महिलाओं को अधिकार

चित्रकूट। मिशन शक्ति के द्वितीय चरण के तहत थानों की एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों व कानूनी प्रावधान की जानकारी दी।

### नाला निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये अवमुक्त

चित्रकूट। जिलाधिकारी ने बताया कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत नगर पंचायत मानिकपुर सरहट के मोहल्ले गांधीनगर, आर्यनगर, जवाहर नगर एवं शिवनगर में नाला निर्माण के लिए स्वीकृत धनराशि 199 .48 लाख रुपये के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में एक करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं। इस काम के लिए शासन ने कार्यदायी संस्था के रूप में नगर पंचायत मानिकपुर को नामित किया है।

### ग्रामीण की सर्पदंश से मौत, मुआवजे की मांग

रामनगर। ग्राम पंचायत अमवा के मजरा भदेवरा के शिवचरन ने बताया कि उसके पिता चुनकावन की 10 मार्च को खेत की कटाई के दौरान सर्पदंश से मौत हो गई थी। बताया कि उसकी जमीन भी एक बीघे से कम है। जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है

### कुंडी बंद कर घर का सामान ले उड़े चोर

चित्रकूट। भरतकूप थानांतर्गत वंशीपुर मजरा भैसोंधा निवासी शिवनरेश सिंह ने अपने घर में चोरी की तहरीर दी है। उसने बताया कि 29 मार्च की रात सब लोग रोज की तरह सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद थी। इस पर उसने अपनी बेटी से दरवाजा खुलवाया। पाया कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और घर के गहने, रुपये आदि गायब थे। बाद में पास में खाली बक्से पड़े मिले। उसने पुलिस को सूचना दी। उसने एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाने की मांग की।

### युवाओं को नशा एवं साइबर क्राइम से बचाने का अभियान

चित्रकूट। युवाओं को नशे और साइबर क्राइम से बचाने के लिए सेवा भारती ने अभियान शुरू किया। इसी क्रम में गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में कार्यक्रम किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। प्राचार्य डा. राजेश पाल, संस्था के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे, साइबर सेल के प्रशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक रविशंकर गुप्ता आदि ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस मौके पर गुरु प्रकाश शुक्ला, राजकिशोर त्रिपाठी, शिवकुमार, आशीष सिंह एवं हेमंत यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई। संचालन डॉ. नीरज गुप्ता ने किया।

### जेसीबी व ट्रैक्टर को किया सीज

रामनगर (चित्रकूट)। जनपद के रामनगर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। नायब तहसीलदार मऊ पारुल सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अवैध खनन में लगी मशीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान लेखपाल और कानूनगो भी मौके पर मौजूद रहे।



बैंक में लगी आग से मची अफरातफरी। अमृत विचार



कंप्यूटर और अन्य सामान की यह हो गई हालत। अमृत विचार



लोगों से जानकारी लेते एसडीएम फूलचंद्र यादव। अमृत विचार

# राजापुर की एसबीआई शाखा में लगी भीषण आग

## शार्ट सर्किट से हुई घटना, 15 लाख रुपये के नुकसान की आशंका, दिन भर रहा अफरा-तफरी का माहौल

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में सोमवार की सुबह भीषण आग लग गई। इससे आसपास अफरातफरी मच गई। जबतक आग पर काबू पाया जाता, कागजात सहित अन्य जरूरी चीजें जल गई थीं। आग लगने की वजह बिजली का शार्ट सर्किट माना जा रहा है। लगभग 15 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

सोमवार की सुबह लगभग छह बजे लोगों ने कर्वी-राजापुर मार्ग पर थाने से कुछ दूरी पर स्थित स्टेट बैंक की शाखा से धुआं और लपटें उठती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ताला खोलने में हुई दिक्कत से आग पर काबू पाने में परेशानी हुई। बैंक शाखा प्रबंधक के पहुंचने पर किसी तरह बैंक का ताला खोलकर देर बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने एसबीआई के एटीएम गार्ड अशोक कुमार से आग लगने के कारणों की जानकारी ली। प्रथमदृष्टया आग लगने की वजह शार्ट सर्किट माना जा रहा है।

### सेवा सुचारू होने में लगेगा एक माह

- शाखा प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगी है। इसमें कंप्यूटर सेट, फर्नीचर और कुछ अभिलेखों के साथ बैंकिंग नेट पूरी तरह से नष्ट हो गया है। लगभग 15 लाख रुपये तक के नुकसान की आशंका है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग सेवा शुरू करने में लगभग एक माह का समय लग सकता है। उपभोक्ताओं को आवश्यक सेवा देने के लिए कर्वी शाखा में राजापुर के दो कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। राज्य कर्मचारियों के वेतन आहरण की भी व्यवस्था वहीं की गई है। क्षेत्रीय कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय को सूचना भेज दी गई है।

### लोगों ने जताई चिंता

- नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बीमारी, सहालग तथा दैनिक कार्यों के लिए पैसा निकालने में परेशानियां हो सकती हैं। सभासद शंकर दयाल जायसवाल ने कहा कि व्यापारियों को व्यवसाय में बाधा होगी। प्रधान कार्यालय से मांग की है कि जल्द से जल्द सेवा बहाल की जाए।

### योगेंद्र बने तहसीलदार और पुरुषोत्तम ओझा नायब तहसीलदार



योगेंद्र।



पुरुषोत्तम।

**चित्रकूट।** तहसील राजापुर क्षेत्र के नादिन कुर्मियांन के निवासी चीफ फार्मासिस्ट शिवनरेश सिंह के छोटे पुत्र योगेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर तहसीलदार बने हैं। वहीं रामनगर ब्लाक के पियरियामाफी गांव निवासी पुरुषोत्तम ओझा का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हुआ है।

योगेंद्र सिंह अभी मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स नई दिल्ली में जिला यूथ आफीसर हैं। योगेंद्र शिक्षक नेता अशर्फीलाल सिंह के नाती व युवा समाजसेवी बीपी पटेल के भांजे हैं। योगेंद्र के बड़े भाई अयोध्या मंदिर प्रशासन में एसडीएम हैं। उधर, रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत पियरियामाफी के पुरुषोत्तम ओझा नायब तहसीलदार बने हैं। पुरुषोत्तम के पिता हरनंदन ओझा पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। इस कामयाबी पर अनिल मिश्रा, गंगाधर मिश्रा, दुर्गेश शुक्ला, मोहित मिश्रा, विकास ने शुभकामनाएं दीं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बहू को जलाकर मारने में सास-ससुर को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कोर्ट ने मृत्युकालीन बयान को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना

**अमृत विचार।** मृत्युकालीन बयान को सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानते हुए दहेज हत्या के मामले में त्वरित न्यायालय ने मृतका के सास-ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ दोनों को 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पहाड़ी थाना के चौरा गांव के निवासी मुन्नीलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अपने बेटी प्रेमा की शादी भरकोर्रा गांव के निवासी विजय से की थी। शादी के लगभग छह साल बाद दहेज में मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपये की मांग को लेकर पति के साथ प्रेमा के ससुर रामप्रताप, सास लक्ष्मिनिया, व ननद उत्पीड़न करने लगीं। दहेज न मिलने पर आठ नवंबर 2019 की सवेरे मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। इससे वह पूरी तरह झुलस गई और जिला अस्पताल में गंभीर हालत के चलते उसे रेफर कर दिया गया। प्रयागराज में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में मृतका ने मृत्युकालीन बयान में कहा था कि ससुर की मौजूदगी में सास व ननद ने मिट्टी का तेल डालकर उसे जलाया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध ससुर रामप्रताप और सास लक्ष्मिनिया को आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# तदर्थ कार्यकारिणी का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



कार्यक्रम में मौजूद रैकवार समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लालापुर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में सोमवार को रैकवार समाज के मेले का आयोजन किया गया। करीब तीन दशकों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस मेले ने समाज में नई ऊर्जा का संचार किया। इस मौके पर नई कार्यकारिणी गठित हुई।

मेला प्रभारी मुन्ना लाल रैकवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आश्रम के इतिहास पर प्रकाश डाला। बताया कि इस स्थल की स्थापना लगभग 60 वर्ष पूर्व समाज के पूर्वजों ने की थी और लगभग 40 वर्ष पहले तक यहां नियमित रूप से भव्य मेले का आयोजन होता था। किन्हीं कारणों से प्रबंधन कार्यकारिणी के निष्क्रिय होने से यह परंपरा ठप पड़ गई थी। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और प्रयासों से इस परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है। सीताराम रैकवार ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने आश्रम के सर्वांगीण विकास, भूमि के सीमांकन एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रबंधन समिति के गठन पर बल दिया। इस दौरान सर्वसम्मति से तदर्थ प्रबंधन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जागेश्वर रैकवार (फौजी) को अध्यक्ष, छवि लाल रैकवार को उपाध्यक्ष, मुन्ना लाल रैकवार को महासचिव, उमेश चंद्र कश्यप को कोषाध्यक्ष, सीताराम कश्यप को विशेष सलाहकार, उमेश कुमार रैकवार (एडवोकेट, हाईकोर्ट) को कानूनी सलाहकार, ओम प्रकाश रैकवार को संगठन मंत्री, अमित कुमार कश्यप को प्रचार मंत्री तथा बुल्लू रैकवार को आश्रम प्रबंधक नियुक्त किया गया। 11 सदस्यों का भी मनोनयन किया गया, जिनमें सुरेंद्र रैकवार (प्रधान), संतोष कुमार (हलवाई), नत्थू लाल रैकवार, अर्जुन कश्यप (पत्रकार), रामचंद्र रैकवार, ओम प्रकाश रैकवार, नत्थू प्रसाद रैकवार, वृंदावन रैकवार (टेलर), राजा रैकवार, राजकुमार रैकवार, प्रदीप धुरिया सहित अन्य शामिल हैं।कार्यक्रम के अंत में समाज के लोगों ने एकजुट होकर आश्रम के विकास, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा भविष्य में मेले को और भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, कन्नौज।**

पत्रांक: 1480/जेम पोर्टल बिड/2025–26 दिनांक: 28.03.2026

**निविदा सूचना**

जनपद कन्नौज में वर्तमान समय में 10312 गोवंश संरक्षित हैं जो कि समय समय पर घटते बढ़ते रहते हैं। उनको प्रतिदिन कम से कम 4 किलोग्राम भूसे की मात्रा दी जाती है। (10312 x 4 किलोग्राम x 365 दिवस = 1,50,55,520 किग्रा) अर्थात लगभग 1,50,555.00 कुन्तल की आपूर्ति होनी है।
(भूसे की उपरोक्त मात्रा अनुमान पर आधारित है)

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, कन्नौज

# सीसीटीएनएस में जिला पुलिस प्रथम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



एसपी अरुण कुमार सिंह।

**अमृत विचार।** अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) रैंकिंग में चित्रकूट पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश नवीन अरोरा ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व टीम की सराहना की है।

मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा फरवरी 2026 के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेशस्तरीय रैंकिंग में जिला पुलिस ने 100 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक के साथ अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कंप्यूटर ऑपरेटर शरद यादव के कार्यों की प्रशंसा की है। पुलिस अधीक्षक ने इस उपलब्धि के लिए अपर पुलिस अधीक्षक व पूरी टीम को सराहा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जनपदीय पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### क्या है सीसीटीएनएस

- सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती हैं। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है।



शोभायात्रा में शामिल झांकी और श्रद्धालु। अमृत विचार

### महावीर स्वामी का कल्याणक महापर्व मनाया

**बरगढ़।** भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महापर्व कस्बे में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली, जिसमें झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्री कुथुनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महा पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई और भगवान महावीर के अहिंसा व शांति के संदेशों को याद किया। सुबह जैन समाज के लोगों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली, जो मुख्य मार्गों से रेलवे स्टेशन बरगढ़ पहुंची। मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक शांतिधारा किया गया और दीप प्रज्ज्वलित किए। इस मौके पर अजीत जैन, हरीश चंद्र, दीप चंद्र, अजय मिश्रा, श्याम नारायण शुक्ला, प्रकाश चंद्र केशरवानी, गुलाब चंद्र केशरवानी, आकाश द्विवेदी, राम कुमार पांडेय, राकेश जैन, राजेश जैन, रमेश जैन, फूल चंद्र जैन, बीएल जैन, बृजेश, इंद्रेश, किशुन, विनय, विक्की, नीरज, श्रेयांश, प्रवीण, पुनीत आदि रहे।

**निर्देश** | जिले को मिलीं चार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 486 सहायिकाएं

# बच्चों की क्षमता के विकास पर ध्यान दें : डीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।



इस मौके पर मौजूद नवनियुक्त कर्मी और अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को सुपोषित उत्तर प्रदेश-सशक्त भारत मिशन के तहत जिले की चार नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 486 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चों की शारीरिक व मानसिक क्षमता के विकास पर ध्यान देने को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के साथ जनप्रतिधियों, अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा सजीव प्रसारण भी देखा गया। जिलाधिकारी ने इन कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आम जनमानस का भरोसा निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने व्यक्तिगत उदाहरण साझा किया कि उनकी पुत्री भी आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रही है। उन्होंने डिजिटल सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि विभाग द्वारा प्रदत्त स्मार्टफ़ोन का उपयोग स्वयं करें ताकि कार्यों में पारदर्शिता आए। साथ साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी कर्मियों के मतदाता पहचान पत्र एवं आयुष्मान भारत कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाए जाएं। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल ने भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना की। इसके पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक पंकज अग्रवाल ने भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सराहना की।

### पूरी पारदर्शिता से की गई चयन प्रक्रिया

- मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि 1088 केंद्रों में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है। अब प्रत्येक केंद्र पर सहायिका की उपलब्धता है, जिससे पोषाहार वितरण और बच्चों के मूल्यांकन में सुगमता होगी। सात नए आंगनबाड़ी भवनों का भी लोकार्पण किया गया है। सभी कर्मियों को एक अप्रैल तक योगदान आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रकाश की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें एडीएम ने समीक्षा करते हुए कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर कृषि विभाग के आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि युवा उद्यमियों ने जिस रोजगार के लिए ऋण लिया है उसी रोजगार पर काम करना होगा। एडीएम ने सचिव मंडी समिति से मुख्य मार्ग से मंडी समिति गेट तक अतिक्रमण को हटवाने, सड़क व प्रकाश की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने, एआईजी स्टांप को प्रकरणों के निस्तारण, अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने के निर्देश दिए। व्यापारियों से अपील की कि जीएसटी का भी रजिस्ट्रेशन कराएं।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NAME CHANGE**

AMAN KUMAR, FATHER No- JC 248986P, RANK - RIS. NAME- JAY CHANDRA, RESIDING AT VILL - BARAHIPURVA POST- LALPUR SHIVRAJPUR, DIST - KANPUR Dehat UTTAR PRADESH, 208001, HAVE CHANGE MY NAME AMAN KUMAR TO AMAN KUMAR PAL FOR ALL FUTURE PURPOSES. AFFIDAVIT DATED 26 March 2026 Before public notary.

**सूचना**

एक किता भवन निर्मित जुज भाग आराजी नं0– 526 मि0 स्थित मौजा– किशरवल, अकबरपुर कानपुर देहात को स्वामी द्वारा हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में बन्धक हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसका मूल बैनामा दिनांकित 28.12.2020 जो कि क्रमांक सं0– 10368 पर स0 रजि0 कार्या0 अकबरपुर में दर्ज है, कहीं खो गया है। उक्त सम्पत्ति पर यदि किसी को सत्व/दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर सम्पर्क करें, अन्यथा उक्त सम्पत्ति को बन्धक स्वीकार कर लिया जायेगा। **शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चे0नं0– 24 बाबू लाल अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट कानपुर, मो0 : 9335063025**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रोहित कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के गलत चाल चलन के चलते उससे संबंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कार्य व लेन देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। **रामचंद्र पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम लाला भगत थाना रसूलाबाद कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र सत्यप्रकाश पुत्र जगदीश बाबू व उसकी पत्नी अंजली पत्नी सत्यप्रकाश के गलत चाल–चलन के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी कृत्य अथवा लेन–देन का मैं व मेरे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। **जगदीश बाबू पुत्र शिव दयाल निवासी 5/232, मोहल्ला इस्माइलगंज सानी, शहर व जिला फर्रूखाबाद**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे स्कूल में नाम हेमंत कुमार सिंह और आधार कार्ड में अमन दर्ज है। प्रार्थी आधार कार्ड में अपना नाम हेमन्त कुमार सिंह दर्ज करवाना चाहता है। **हेमन्त कुमार सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ग्राम चुलम्भा पोस्ट कैसरगंज जिला बहराइच, यू.पी.।**

**सूचना**

बैंक ऑफ इंडिया शाखा भेलसर के खाता संख्या 75191 011 00 13116 में मेरा नाम पिंटू अंकित है। मेरा नाम आधार कार्ड में राजेश कुमार है। पिंटू और राजेश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। **राजेश कुमार पुत्र अंबिका प्रसाद निवासी ग्राम शाहपुर पोस्ट शुजागंज थाना टिकैत नगर जिला अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी इण्टरमीडिएट (वर्ष 2024, रोल नंबर 2247082870) व हाईस्कूल (वर्ष 2022, रोल नंबर 1222350526) के अंकपत्र वास्तव में खो गए हैं। मैंने इण्टरमीडिएट चौधरी ओंकारनाथ इंटर कॉलेज, चंद्रनगर नंदवल, फखरपुर (बहराइच) तथा हाईस्कूल श्री महंत जागेश्वर पुरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवल (बहराइच) से उत्तीर्ण किया है। **जया वर्मा पुत्री मयंकर वर्मा ग्राम दिकौलिया, विकास खंड फखरपुर, बहराइच।**

**सूचना**

मैं जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) निवासी ग्राम 32 मनकौटी पोस्ट दिलावर नगर थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ का है। मेरा नाम पासपोर्ट जितेंद्र (JITENDRA) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड जितेंद्र वर्मा (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाता हूं। मुझे (JITENDERA VERMA) पुत्र किशोरी लाल (KISHORI LAL) के नाम आज दिनांक से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रवीन शुक्ला के गलत चाल–चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से दिनांक 29/3/26 से बेदखल कर रहा हूँ। मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी अनुचित/गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अमरपाल पुत्र राम प्रसाद, निवासी– रहीमनगर डिडौली, थाना मड़ियांव, जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा डाक घर बचत बैंक, जिला लखनऊ में खाता सं0– 010019529258 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अत: मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा माल, लखनऊ में खाता सं0– 44018243776 है। जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश फूलमती मौर्या (PHOOLMATI MAURYA) दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) है जो मेरे आधार कार्ड पर दर्ज है। अत: मेरे उपरोक्त खाते में मेरा सही नाम फूल मती (FOOL MATI) दर्ज किया जाये। **फूल मती पत्नी प्रियांशु मौर्या निवासिनी– ग्राम सैदापुर परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ।**

**सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पॉलिसी संख्या 236903689 जो कि 26–3–2011 को बीमाधन 62500 की जारी पालिसी में नाम सकंठा प्रसाद हो गया है, जबकि सही नाम मनोज कुमार है। आधार में मनोज कुमार ही अंकित है। उपरोक्त पॉलिसी में सकंठा प्रसाद के स्थान पर मनोज कुमार अंकित किया जाए। **मनोज कुमार पुत्र कैलाश चन्द ग्रा. सेमौरा पो. हुसैनगंज, फतेहपुर**

